उज्जैन
बुधवार
17
दिसम्बर, 2025 ■ वर्ष-12
मूल्य- 2 रु. ■ अंक-45
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



लोग क्या कहेंगे के चक्कर में फंसी रही महिमा चौधरी बोलीं- दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी में सामाजिक दबाव वर्सेस मर्यादा-नैतिकता की जंग दिखेगी

पेज- 8

### अंततः भारतीय किसान संघ के साथ सिंहस्थ क्षेत्र के किसानों का संघर्ष रंगलाया

# देर रात सिंहस्थ क्षेत्र लैंड पुलिंग योजना निरस्त

## किसान संघ ने कहा- आदेश की प्रति भेजी, फोन पर जानकारी दी, प्रशासनिक स्तर पर पुष्टि नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंहस्थ लैंड पुलिंग योजना के मामले में अंततः भारतीय किसान संघ के साथ सिंहस्थ क्षेत्र के 17 गांवों के किसानों का संघर्ष रंग लाया है। मध्यप्रदेश सरकार ने मंगलवार रात नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा-52 (1) (ग) के तहत लोक हित में उज्जैन विकास प्राधिकरण की प्रस्तावित नगर विकास स्कीम क्रमांक 8, 9, 10 एवं 11 को प्रतिसंहरित कर पूर्ण रूप से निरस्त करने के आदेश जारी किया है। इसकी प्रशासनिक स्तर पर अधिकारिक पुष्टि देर रात तक नहीं की गई थी।

मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उप सचिव सीके साधव के डिजिटल हस्ताक्षर से जारी आदेश मंगलवार रात को सोश्यल मीडिया पर वायरल हुआ है। मंगलवार रात 10 बज कर 9 मिनिट 39 सेकंड



पर डिजिटल हस्ताक्षर की पुष्टि इस वायरल आदेश पर पर की गई है। इस आदेश को लेकर प्रशासनिक तौर पर अधिकारिक पुष्टि किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने देर रात तक नहीं की थी। पूर्व में किसान संघ के साथ सरकार की बैठक एवं लैंड पुलिंग निरस्त को लेकर शासन की और से अधिकारिक स्तर पर पुष्टि की गई थी,लेकिन मंगलवार रात वायरल निरस्त आदेश को लेकर किसी प्रकार की पुष्टि सामने नहीं आई थी।

■ **ये है जारी आदेश-** राज्य शासन द्वारा अपने आदेश क्रमांक टीएनसीपी/4/1/0066/2025/18-6 दिनांक 19/11/2025 के माध्यम से उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा मप्र नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 के अंतर्गत प्रस्तावित नगर विकास स्कीम क्रमांक 8, 9, 10 एवं 11 को अधिनियम की धारा-52 (1) (ख) के प्रावधान का उपयोग कर उपांतरित (मोडिफाई), अर्थात संशोधित किया गया था। उक्त आदेश पूर्ण रूप से निरस्त किया जाता है। अतः मप्र राज्य शासन द्वारा मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा-52 (1) (ग) के तहत लोक हित में उज्जैन विकास प्राधिकरण की प्रस्तावित नगर विकास स्कीम क्रमांक 8, 9, 10 एवं 11 को प्रतिसंहरित कर पूर्ण रूप से निरस्त की जाती है। अतः उपरोक्त आदेश को राजपत्र (गजट) में प्रकाशन किया जायें।

■ **किसान संघ बोला- आदेश भेजा, दूरभाष पर बताया-** वायरल आदेश को लेकर किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमलसिंह आंजना से चर्चा किए जाने पर उन्होंने निरस्त आदेश की पुष्टि करते हुए बताया कि उन्हें आदेश की प्रति संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी की और से भेज कर बताया गया कि मध्यप्रदेश सरकार ने लैंड पुलिंग योजना टीडीएस 8,9,10,11 पूर्ण रूप से निरसत कर दी है। उन्हें सरकार की और से जारी आदेश भेजा गया और उनके चलायमान फोन पर जानकारी भी दी गई।

■ **सितंबर 24 से आंदोलन चला-** योजना को लेकर सिंहस्थ क्षेत्र के 17 गांवों के किसानों ने प्रारंभिक रूप से सितंबर 2024 से आंदोलन का आगाज कर दिया था। इसे लेकर किसानों के विरोध को दबाने के लिए तमाम प्रकार के प्रयास किए गए। संघ के प्रचारक, राष्ट्रपति पुलिस पदक प्राप्त, समाज के वरिष्ठ जन जो कि सिंहस्थ क्षेत्र के किसान हैं उन्हें प्रतिबंधात्मक धाराओं में जेल भेजा गया। आधी रात में उनके घरों पर पुलिस पहुंची और प्रताड़ना दी गई। 17 फरवरी को मामले की गंभीरता के साथ भारतीय किसान संघ ने लैंड पुलिंग योजना के विरोध में ज्ञापन दिया था। सितंबर 25 में किसान संघ के राष्ट्रीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने सरकार को पत्र लिखकर योजना पर विरोध दर्ज करवाया था। सरकार ने इसका कोई जवाब नहीं दिया था। इस पर श्री मिश्र ने 16 सितंबर को उज्जैन में हजारों ट्रेक्टरों के साथ रैली निकाल कर सरकार को चुनौती दी थी। इसके बाद किसान संघ ने जमकर विरोध किया। किसान संघ ने 18 नवंबर से योजना निरस्त को लेकर घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन छेड़ने के एक दिन पूर्व सरकार ने किसान नेताओं को भोपाल बुलाकर बैठक की थी। इस बैठक के बाद दोनों पक्षों ने योजना निरस्त के बयान जारी किए थे। दो दिन बाद निरस्त आदेश की बजाय सरकार की और से संशोधन आदेश जारी किया गया। इस पर किसान संघ ने गहरी आपत्ति जताई थी। सीधे तौर पर निरस्त आदेश जारी करने की मांग दोहराई थी। इसे लेकर किसान संघ एवं सरकार के बीच खाई खीच गई थी। संघ ने दो बार सरकार को आगाह किया था। बाद में हाल ही में किसान संघ ने 26 दिसंबर से घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन की घोषणा की थी। उससे पूर्व ही यह निरस्त आदेश जारी हुआ है।

## गोवा अग्निकांड- पुलिस लूथरा ब्रदर्स को लेकर गोवा रवाना

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

गोवा के नाइट क्लब बिर्च बाय रोमियो लेन अग्निकांड मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को गोवा ले जाया जा रहा है। बुधवार सुबह दोनों को गोवा पुलिस के साथ आईजीआई एयरपोर्ट पर देखा गया। दोनों भाईयों को गोवा की कोर्ट में पेश किया जाएगा। दोनों को मंगलवार को थाइलैंड से दिल्ली लाया गया था। भारतीय सुरक्षा अधिकारी दोनों भाइयों के साथ मंगलवार दोपहर में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरे। दिल्ली एयरपोर्ट पर गोवा पुलिस की टीम ने दोनों को एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद दोनों की दिल्ली में मेडिकल जांच कराई और पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। मजिस्ट्रेट ट्विंकल चावला ने 2 दिन की ट्रांजिट रिमांड की मंजूरी दी। सौरभ और गौरव लूथरा बिर्च नाइट क्लब के मालिक हैं।

## मोजांबिक के राष्ट्रपति से मिली जॉर्जिया मेलोनी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

इटली प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की मोजांबिक के राष्ट्रपति डेनियल फ्रांसिस्को चापो से पिछले हफ्ते रोम में हुई मुलाकात सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच हाइट के बड़े अंतर ने सबका ध्यान खींच लिया। मेलोनी राष्ट्रपति चापो से मिलने आगे बढ़ीं तो ऊपर देखकर थोड़ा हैरान हो गईं, फिर शरमाते हुए मुस्कुराईं और फोटो खिंचवाने के लिए पोज किया।

## राजस्थान-मप्र के 38 शहरों में तापमान 10 डिग्री से कम

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

उत्तर और मध्य भारत के राज्यों में भीषण सर्दी पड़ रही है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में शीतलहर जैसे हालात है। दोनों राज्यों के 19-19 शहरों में मंगलवार को तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रिकॉर्ड हुआ। राजस्थान के गंगानगर और हनुमानगढ़ समेत कई जिलों में सुबह कोहरा छाया रहा। सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि नागौर में पारा 5.6 डिग्री सेल्सियस रहा। यूपी के 19 जिलों में बुधवार को शीतलहर के साथ घना कोहरा छाया रहा। ओस की बूंदें रिमझिम बारिश जैसी पड़ रही थीं। लखनऊ, गोंडा, संभल, चंदौसी में विजिबिलिटी शून्य रिकार्ड की गई।

### 5 राज्यों-यूटी में एसआईआर की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी

# 1 करोड़ से ज्यादा नाम कटे

## ये कुल मतदाताओं का 7.6%, सबसे ज्यादा 58 लाख बंगाल में

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

चुनाव आयोग के कराए गए स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (एसआईआर, सामान्य शब्दों में वोटर वेरिफिकेशन) के बाद मंगलवार को पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गोवा, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की गई। इसमें कुल मतदाताओं की संख्या में 7.6% की कमी दर्ज की गई है।

आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 27 अक्टूबर को एसआईआर की घोषणा के समय जहां इन राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 13.35 करोड़ मतदाता थे, वहीं ड्राफ्ट सूची में यह संख्या घटकर 12.33 करोड़ रह गई है। यानी 1.02 करोड़ नाम हटाए गए हैं। बंगाल में 58 लाख 20 हजार 898 वोटरों के नाम हटाने के लिए चिह्नित



किए गए हैं। राजस्थान में 41.85 लाख और पुडुचेरी में 85 हजार वोटर्स के नाम काटे गए हैं। इसके साथ ही घर-घर जाकर जानकारी जुटाने का काम पूरा हो गया है। अब आगे दावा, आपत्ति और सुनवाई की प्रक्रिया शुरू होगी। एसआईआर का दूसरा चरण फरवरी 2026 तक चलेगा और अंतिम वोटर लिस्ट 14 फरवरी 2026 को जारी होगी। इसके साथ ही गोवा और लक्षद्वीप में भी आज वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा।

### राजस्थान में 41.85 लाख वोटर्स के नाम काटे गए

- राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण की ड्राफ्ट लिस्ट में 41.85 लाख वोटर्स के नाम काटे गए हैं। ड्राफ्ट लिस्ट के साथ एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड और ऑलरेडी एनरोल्ड लिस्ट दी गई है। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट निर्वाचन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है।
- राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कहा- जिन वोटर्स के नाम हटाए हैं, उन्हें अब कोई नोटिस नहीं दिया जाएगा। अगर उन्हें आपत्ति है तो वे दस्तावेज देकर दावा पेश कर सकते हैं। इसमें परमानेंट शिफ्ट वोटर्स, डेड वोटर्स, एब्सेंट और डुप्लीकेट वोटर के नाम हटाए गए हैं।

## पीएम मोदी को इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान मिला

**अदीस अबाबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इथियोपिया ने मंगलवार को अपना सर्वोच्च सम्मान दिया। वे द ग्रेट ऑनर निशां ऑफ इथियोपिया पाने वाले पहले ग्लोबल लीडर बन गए हैं। इस मौके पर पीएम ने कहा कि ये सम्मान मेरे लिए गौरव की बात है। उनके इथियोपिया दौरे का आज दूसरा दिन है। इससे पहले कल मोदी का इथियोपिया का नेशलन पैलेस में पीएम अबी अहमद अली ने औपचारिक स्वागत किया, जहां दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के दौरान मोदी ने कहा कि इथियोपिया आकर उन्हें बेहद खुशी महसूस हो रही है। पीएम ने कहा कि यह उनका पहला इथियोपिया दौरा है, लेकिन यहां पहुंचते ही अपनेपन का एहसास हुआ।



## एपस्टीन सेक्स स्कैंडल फाइल्स खुलने में 2 दिन बाकी, ट्रम्प का नाम आया

**वॉशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन 19 दिवंबर को कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े दशकों पुराने सरकारी रिकॉर्ड सार्वजनिक कर सकता है। इस दौरान एपस्टीन केस से जुड़े सभी ईमेल, तस्वीरें और डॉक्यूमेंट्स पब्लिक होंगे। इसका मकसद एपस्टीन के पूरे नेटवर्क की सच्चाई सामने लाना है। आरोप है कि इस नेटवर्क में नाबालिग लड़कियों का शोषण हुआ और दुनिया के कई बेहद ताकतवर लोग इससे जुड़े थे। इससे पहले इस केस से जुड़ी 19 तस्वीरें 12 दिसंबर को पब्लिक हुई थीं। इसमें 3 तस्वीरें ट्रम्प की हैं। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, अरबपति बिल गेट्स जैसे बड़ी हस्तियों की तस्वीरें भी सार्वजनिक हुईं। अब एपस्टीन से जुड़े सभी रिकॉर्ड पब्लिक होने में सिर्फ 2 दिन बाकी हैं। ऐसे में अमेरिका ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में राजनीतिक और कारोबारी हलकों में हलचल तेज हो गई है।

## भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने दिया मंत्री पद से इस्तीफा

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद नितिन नवीन ने बिहार सरकार के मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अपना त्यागपत्र सौंप दिया, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। नितिन नवीन बिहार सरकार में सड़क निर्माण और नगर विकास विभाग के मंत्री थे। वह पटना के बांकीपुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। भाजपा के संविधान के एक व्यक्ति-एक पद के अनुसार राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने बिहार सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा दिया है।



## ऑस्ट्रेलिया में आतंकी हमला करने वाला साजिद भारतीय था

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में 14 दिसंबर को सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी लोगों पर हमला करने वाला आतंकी साजिद अकरम भारत का था। 50 साल का साजिद मूल रूप से तेलंगाना के हैदराबाद का रहने वाला था। उसने हैदराबाद से इ.उङ्क किया और स्टूडेंट वीजा पर नौकरी की तलाश में नवंबर 1998 में ऑस्ट्रेलिया चला गया। बाद में उसने यूरोपीय मूल की महिला वेनेरा ग्रोसो से शादी की और वहीं स्थायी रूप से बस गया। साजिद के पास अब भी भारतीय पासपोर्ट था। साजिद के परिवार वालों ने 2 मीडिया हाउस से बताया है कि उन्होंने कई साल पहले ही साजिद से अपने सारे रिश्ते तोड़ लिए थे, क्योंकि उसने एक ईसाई महिला से शादी कर ली थी।

ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर


एक वितरित दो और कैलेंडर
जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
नि:शुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ नि:शुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### टेलरिंग का काम करने वाले वृद्ध की मिली लाश

**उज्जैन।** ग्राम बलेड़ी में सोमवार रात वृद्ध की लाश मिलना सामने आया था। जिसकी पहचान भाई द्वारा की गई। वृद्ध ने जहरीला पदार्थ खाया था और घर से उज्जैन जाने का बोलकर निकला था। इंगोरिया थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम बलेड़ी से 65 साल के वृद्ध की लाश मिली थी। प्रारंभिक जांच में जहरीला पदार्थ खाना सामने आया था। शव को अस्पताल पहुंचाने के बाद पहचान के प्रयास शुरू किये गये। रात में पता चला कि मृतक बलेडी का रहने वाला मोहनलाल पिता गोवर्धनलाल गेहलोत है। भाई अशोक ने अस्पताल पहुंचकर पहचान की और बताया कि टेलरिंग का काम करते थे। घर से उज्जैन जाने का बोलकर निकले थे, उसके बाद वापस नहीं लौटे थे। आशंका जताई गई कि आर्थिक परेशानी के चलते वृद्ध ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

### 11 साल बाद गिरफ्त में आया अपहरण का आरोपी

**उज्जैन।** बिरलाग्राम थाना क्षेत्र से वर्ष 2014 में 15 वर्षीय बालिका के लापता होने पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया था। 11 साल बाद लापता बालिका 26 साल की उम्र में 2 बच्चों के साथ दतिया में मजदूरी करते मिली। जिसे दस्तयाब करने के बाद बयान दर्ज किये तो सामने आया कि उसे नरसिंहगढ़ का रहने वाला अर्जुन जाटव बहला-फुसलाकर साथ ले गया था। उसने शारीरिक शोषण किया। 2 संतान होने के बाद छोड़कर भाग निकला था। थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि अपहृत बालिका के बयान अपहरण के मामले में दुष्कर्म की धारा का इजाफा किया और एक टीम नरसिंहगढ़ रवाना की गई, जहां ग्राम आमगांव थाना गाडरवारा से आरोपी अर्जुन को गिरफ्तार कर लाया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### पछुवा हवा से 10 डिग्री से नीचे आया रात का पारा, सुबह कोहरा

**उज्जैन।** पछुआ हवा ने शहर के न्यूनतम तापमान को गिरा दिया है। सुबह घना कोहरा छा रहा है। वेधशाला के अनुसार दिसंबर माह में लगातार नौवें दिन न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। हालांकि दिन के तापमान में 1.5 डिग्री की बढ़त भी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ, ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण के रूप में जम्मू के ऊपर माध्य समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊंचाई पर स्थित है। शासकीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री रहा जो कि सोमवार के अधिकतम तापमान 26.5 से 1.5 डिग्री ज्यादा है। आर्द्रता की बात करें तो यह सुबह 88 और शाम को 48 फीसदी दर्ज की गई।

### रुद्रसागर से जलकुंभी हटाने का कार्य जारी, दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश



**उज्जैन।** नगर निगम द्वारा रुद्रसागर से जलकुंभी हटाने का कार्य जारी है। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निर्देश दिए है कि यह कार्य 30 दिसंबर से पूर्व पूर्ण कर लिया जाएं। जलकुंभ हटाने का यह अभियान शहर के सौंदर्यीकरण और जल प्रदूषण नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण कदम है। काम के दौरान विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। इस पहल से रुद्रसागर का जलक्षेत्र साफ-सुथरा और पर्यावरण के अनुकूल बनाए रखने में मदद मिलेगी। कार्य पूरी गति से जारी है और जल्द ही जलकुंभ से मुक्त रुद्रसागर की तस्वीरें देखने को मिलेंगी।

---

**मोहनपुरा में सिंहस्थ क्षेत्र से निकलेगा एक्सेस कंट्रोल, मेले के दौरान कैसे संचालित होगा मार्ग**

# 10.30 घंटे चला धरना : दो मांगों पर लिखित आश्वासन मिला

### योजना को लेकर किसानों के बड़े सवालों का नहीं मिल रहा जवाब



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सोमवार को मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे किसानों को उनकी दोनों मांगों पर लिखित आश्वासन मिलने के बाद ही वे उठे। करीब 10.30 घंटे धरना चला। मुख्यालय से 31 जनवरी 2026 के पूर्व निराकरण का आश्वासन लिखित में मिलने पर मामला शांत हो सका। इस बीच एक्सेस कंट्रोल मार्ग की योजना पर उठे सवालों का जवाब किसानों को नहीं मिल पा रहा है। मार्ग को मोहनपुरा सिंहस्थ क्षेत्र से निकाला जा रहा है, सिंहस्थ मेले के दौरान आने वाली भीड़ के दौरान मार्ग कैसे संचालित होगा यह समक्ष से परे हैं।

एमपीआरडीसी उज्जैन से जावरा 98 किलोमीटर का एक्सेस ग्रीन फिल्ड मार्ग बनाने जा रहा है। इस मार्ग की शुरूआत मंगरोला से हो रही है। इसके आगे यह मार्ग सिंहस्थ क्षेत्र मोहनपुरा में सिंहस्थ क्षेत्र की मुख्य स्थितियों से होकर निकाला जाएगा। इस मार्ग में उज्जैन, घट्टिया, नागदा, खाचरौद, रतलाम जिले के जावरा तहसील के करीब 25 सौ किसानों की कुल 2700 बीघा जमीन ली जा रही है। उज्जैन जिले की 2200 बीघा अधिग्रहित की जाएगी। रतलाम जिले के जावरा तहसील की करीब 500 बीघा जमीन अधिग्रहण होना है।

#### किसानों के सवाल नहीं मिल रहे जवाब

98 किलोमीटर के एक्सेस कंट्रोल रोड निर्माण की स्थिति एवं योजना को लेकर किसानों का बड़ा सवाल यह है कि इस मार्ग को सिंहस्थ क्षेत्र के मध्य मोहनपुरा से निकाला जा रहा है। सिंहस्थ अवधि में इस मार्ग को आखिर श्रद्धालुओं की भीड़ के सामने कैसे संचालित किया जाएगा और भीड़ रोड पर जाने से रुक पाएगी। यही नहीं एक्सेस कंट्रोल मार्ग के नियमों का पालन इसमें हो सकेगा क्या। इन सवालों को लेकर किसानों को योजना से जुड़ा धरातल का जवाब नहीं मिल पा रहा है। अधिकारी भी सवालों को दरकिनार कर रहे हैं।

#### 10.30 घंटे चला धरना

98 किलोमीटर के मार्ग में करीब 2500 किसानों की जमीन अधिग्रहित की जाएगी। इसे लेकर किसानों ने सोमवार को दोपहर 12 बजे पूर्व से ही एमपीआरडीसी कार्यालय पर धरना दे दिया था जो कि पूर्व घोषित था। दिन भर चले धरने में करीब 500 किसान एकत्रित हुए और कभी उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया तो कभी राम धून गाई। देर रात 10.30 बजे लिखित आश्वासन के बाद धरना से किसान उठे। किसानों ने इस दौरान 500 करोड के स्पेशल पैकेज से मुआवजा की पूर्ति की मांग भी रखी ।

---

# सीपीआर देकर दिया जीवन





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

वीरों की भूमि राजस्थान के कोटा शहर मे एक ज्वेलर लोगों के लिए प्रेरणा बन चुका है। एक ज्वेलरी शाप पर आए ग्राहक जब बेसुध होकर निढाल पड़ गए तब दुकान के काउंटर पर बैठे युवा वरूण जैन ने समझदारी से काम लिया और सीपी आर द्वारा पुनः दिल की धड़कन लौटाई। दुकानदार की इस सूझबूझ की सर्वत्र सराहना हो रही है।

दरअसल कोटा के वर्धमान ज्वैलर्स पर जयपुर से अधेड़ राजकुमार सोनी जेवर आदि खरीदने आते रहते हैं। राजकुमार सोनी के नियमित आने से दुकानदार के बेटे वरूण से उनका परिचय रहा। विगत दिनों जब राजकुमार दुकान पर कुछ गहने खरीदने के लिए उनका अवलोकन कर रहे थे तब यकायक निश्चेतन होकर कुर्सी पर ही गिर पडे। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए युवा वरूण ने अपने नौकर की सहायता से राजकुमार को पहले तो खुले फर्श पर लेटा दिया फिर गर्दन मोड कर निढाल पडे राजकुमार के सीने पर अपनी हथेलियों से रगड़ना शुरू किया । वरूण की मेहनत रंग लाई और कुछ मिनट बाद राजकुमार चैतन्य होकर बैठ गए। दैनिक ब्रह्मास्त्र से फोन पर चर्चा करने पर वरूण ने बताया कि उन्होंने सीपीआर यानी कार्डियो पल्मनरी रिससिटेशन की कोई ट्रेनिंग नहीं ली थी। ईश्वर ने यकायक शक्ति दी और मैने चपलता के साथ सीने पर दबाव बना दिया। इसी दौरान छोटे भाई अरूण ने जीवनरक्षक दवा भी राजकुमार की जुबान के नीचे रख दी। चमत्कार हुआ और राजकुमार की श्वांस फिर चलने लगी। सरल हृदय वरूण का कहना है कि ये ईश्वर का चमत्कार है वे सिर्फ एक माध्यम बने। वरूण के इस सत्कार्य की सभी जगह प्रशंसा हो रही है।

#### क्या है सीपीआर

सीपीआर यानी कार्डियो पल्मेनरी रिससीटेशन एक ऐसी विधि है जिसमे यदि अचेतन व्यक्ति जिसको हार्ट स्ट्रोक आया हो उसे खुले मे लेटाकर सीने पर, हथेलियों से दबाव बनाया जाता है। सीने पर कंप्रेशन देने से और मुंह से शिकार हुए व्यक्ति के मुंह मे सांस दी जाती है। इससे धमनियों मे रक्त संचरित पुनः होने लगता है और हृदय फिर से धडकने लगता है। स्ट्रोक से शिकार व्यक्ति को तुरंत सी पी आर दी जाए तो उसके बचने की प्रत्याशा होती है।

**डॉ. भगवान सिंह दांगी**
**निश्चेतना विशेषज्ञ व नोडल अधिकारी**
**प्राण रक्षा प्रशिक्षण योजना, उज्जैन।**

---

# गोल्ड ट्रांसफर का झांसा देकर कराया 11 लाख का आरटीजीएस



### मामला पहुंचा माधवनगर थाने, राजगढ़ के व्यक्ति की तलाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मणप्पुर गोल्ड फायनेंस कंपनी के साथ 11 लाख की धोखाधड़ी का मामला मंगलवार को माधवनगर थाने पहुंचा। राजगढ़ के शातिर ने लोन ट्रांसफर का झांसा देकर 11 लाख का आरटीजीएस कराया और भाग निकला।

माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि मणप्पुरम गोल्ड फायनेंस की मैनेजर संध्या द्वारा शिकायती आवेदन देकर बताया गया कि 3-4 दिनों से राजगढ़ निवासी राम गोपाल उनके यहां आ रहा था। उसने आईआईएफएल में चल रहे लोन को चुकाने और वहां रखा गोल्ड उनके यहां ट्रांसफर करने की बात कहीं थी। उसके द्वारा 11 लाख रुपए का लोन देने की बात कहीं। उसने कुछ रसीदे भी दिखाई, जिसे देखने के बाद तय किया गया कि उसने 11 लाख का लोन देकर आईआईएफएल में रखा गोल्ड उनके यहां ट्रांसफर करा लिया जाये। मंगलवार को उसे 11 लाख का ट्राजेक्शन ऑनलाइन किया गया। रामगोपाल ने गोल्ड ट्रांसफर के लिये आईआईएफएल चलने की बात कहीं, जहां उसके खाते में किये गये आरटीजीएस के रुपए वहां जमा कराकर गोल्ड ट्रांसफर के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने को कहा। उसके साथ आईआईएफएल बैंक पहुंचा जाता उससे पहले रामगोपाल भाग निकला। थाना प्रभारी भारती के अनुसार मामले में जांच शुरू गई है। मणप्पुर गोल्ड फायनेंस कंपनी ने इस बात की तस्दीक भी नहीं की है कि रामगोपाल द्वारा आईआईएफएल में गोल्ड रखा भी है या नहीं। उसके द्वारा दिखाई गई दस्तावेजी रसीद सही है या गलत, सिर्फ बातों के आधार पर 11 लाख का ट्रांजेक्शन कर दिया गया। फायनेंस कंपनी की मैनेजर द्वारा जिसे खाते में आरटीजीएस करना बताया है, उसे होल्ड कराने के लिये बैंक को पत्र लिखा गया है। जांच के बाद मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी की जायेगी।

---

# सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक आज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक 17 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। इस बैठक में पूर्व में स्थगित 29 सितंबर की बैठक के 35 से अधिक नियमित बिंदुओं को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, अध्यक्ष की अनुमति से कुछ अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा होगी।

यह बैठक पहले 29 सितंबर को निर्धारित थी, लेकिन सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। अब यह बैठक मुख्य प्रशासनिक भवन स्थित कार्यपरिषद कक्ष में कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज की अध्यक्षता में होगी।

**एजेंडे में 35 से अधिक नियमित बिंदुओं के साथ महत्वपूर्ण प्रस्ताव शामिल**

बैठक के एजेंडे में 35 से अधिक नियमित बिंदुओं के साथ कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव शामिल हैं। इनमें विश्वविद्यालय की उत्तरपुस्तिकाओं का डिजिटल मूल्यांकन कराने का प्रस्ताव प्रमुख है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय द्वारा पेंशन फंड के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति भी कार्यपरिषद से ली जाएगी। अन्य एजेंडा बिंदुओं में शिक्षकों के पेंशन प्रकरण,



स्थायी कर्मचारियों को सुविधाएं प्रदान करना, दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों की अनुकंपा नियुक्ति के मामले, विश्वविद्यालय के नामकरण की सूचना, परीक्षा परिणाम तैयार करने वाली नई कंपनी को कार्य देने के बाद कार्यपरिषद का अनुमोदन, पूर्व में हुई इंजीनियरिंग की पीएचडी प्रवेश परीक्षा के रोके गए परिणामों पर चर्चा और अतिथि विद्वानों के विज्ञापन से संबंधित चर्चा शामिल है। इस बीच, विक्रम विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति के लिए साक्षात्कार शुरू हो गए हैं। विभिन्न अध्ययनशालाओं में कार्यरत प्राध्यापकों को लंबे समय बाद यह पदोन्नति दी जा रही है। लगभग 18 प्राध्यापकों के साक्षात्कार सोमवार से विषय विशेषज्ञों की उपस्थिति में प्रारंभ हुए। मंगलवार को भी अलग-अलग विषयों के विशेषज्ञों ने शिक्षकों के साक्षात्कार लिए। सभी साक्षात्कार पूरे होने के बाद बंद लिफाफे कार्यपरिषद की बैठक में रखे जाएंगे। बैठक में स्वीकृति मिलने के बाद ही पदोन्नति के आदेश जारी किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इन साक्षात्कारों के लिए विशेषज्ञों के नाम राजभवन द्वारा तय किए जाते हैं।

उज्जैन
बुधवार
17
दिसम्बर, 2025

दैनिक ब्रह्मास्त्र


सत्येन धार्यते पृथ्वी सत्येन तपते रविः।
सत्येन वायवो वान्ति सर्वं सत्ये प्रतिष्ठितम्॥
अर्थः सत्य से पृथ्वी का धारण होता है, सत्य से सूर्य तपता है, सत्य से पवन चलता है। सब सत्य पर आधारित है।

## खबर एक नजर...

### परदेशीपुरा में टेक्सटाइल फैक्ट्री में आग:लाखों का माल जलकर खाक



**इंदौर।** इंदौर के परदेशीपुरा क्षेत्र स्थित शिवाजी नगर इलाके में मंगलवार देर रात एक टेक्सटाइल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर फैक्ट्री में रखा लाखों रुपए का कच्चा माल, कपड़ा और अन्य सामान जलकर खाक हो गया। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। फायर ब्रिगेड को रात करीब 11 बजे भावना टेक्सटाइल्स नाम की फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फैक्ट्री में आग तेजी से फैल चुकी थी, जिस पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को करीब तीन घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान लगभग 20 हजार लीटर पानी का इस्तेमाल कर आग को पूरी तरह बुझाया गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। फायर कर्मियों के अनुसार आग में फैक्ट्री में रखा कच्चा मटेरियल, कपड़ा और अन्य जरूरी सामान जल गया, जिससे लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री भावना जैन की है।

### बेटी ने मां के जेवर गिरवी रखकर लिया लोन, वापस करने के नाम पर जमाई ने दी धमकी

**इंदौर।** इंदौर के लसूडिया क्षेत्र में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला ने अपनी बेटी और दामाद के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि उसने बेटी की मदद के लिए लाखों रुपए के जेवर दिए थे, जिन्हें बेटी ने बैंक में गिरवी रखकर मकान के लिए लोन ले लिया। बाद में बेटी अपने पति के साथ महाराष्ट्र चली गई और अब जेवर लौटाने के बजाय दामाद जान से मारने की धमकियां दे रहा है। लसूडिया थाना पुलिस के अनुसार, पीड़िता रजनी गढ़वाल ने शिकायत में बताया कि वह अपने पति के साथ इंदौर में रहती हैं। उनका बेटा कर्नाटक में नौकरी करता है। उनकी बेटी अंकिता ने वर्ष 2022 में प्रेम विवाह किया था। पहले दामाद धीरेन्द्र उर्फ राहुल तिवारी उज्जैन में रहते थे, जो वर्ष 2023 में इंदौर के विनायक टावर में रहने आए। उस दौरान बेटी अंकिता इंदौर आती-जाती रहती थी। पीड़िता के अनुसार, फरवरी 2025 में बेटी अंकिता ने फ्लैट खरीदने के लिए लोन की जरूरत बताई और इसके लिए ज्वेलरी मांगी। भरोसे में आकर महिला ने लाखों रुपए के जेवर दे दिए। आरोप है कि बेटी और दामाद ने जेवर बैंक में गिरवी रखकर लोन ले लिया और जल्द ही जेवर वापस करने का आश्वासन दिया।

### देवगुराड़िया बायपास सहारा सिटी इलाके में घूम रहे तेंदुए के पंजे के निशान मिले

**इंदौर।** पिछले3 दिनसे देवगुराड़िया 'बायपास रोड, सहारा सिटी के इलाके में घूम रहे तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की रालामण्डल रेस्क्यु टीम ने कल शाम को पिंजरा लगा दिया है। डीएफओ के अनुसार इस इलाके में तेंदुए के पंजे के निशान मिलने से यह साबित हो गया है कि तेंदुए का मूवमेंट जारी है। वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि रहवासियो और मीडिया द्वारा शहर के बाहरी इलाके में तेंदुए के मूवमेंट की खबरे आये दिन मिल रही है है मगर पिछले 3 दिन से रहवासी इलाको के आसपास तेंदुआ देखे जाने की शिकायतें लगातार मिल रही है।

## इंदौर उड़ककोर्ट ने सुनाया फैसला : 2008 की पटवारी भर्ती में फर्जी चयन करवाया था

# व्यापमं घोटाले में 10 आरोपियों को पांच साल का कारावास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर की विशेष सीबीआई अदालत ने सोमवार को व्यापमं घोटाले से जुड़े पटवारी भर्ती परीक्षा-2008 में फर्जीवाड़ा करने के दोषी पाए गए 10 आरोपियों को 5-5 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने प्रत्येक आरोपी पर 3 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

व्यापमं घोटाला मध्य प्रदेश के सबसे बड़े भर्ती और प्रवेश परीक्षा घोटालों में से एक रहा है। इसमें मध्य प्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा कराई गई कई परीक्षाओं में व्यापक स्तर पर नकल, फर्जी दस्तावेजों का उपयोग और अवैध चयन जैसे मामले सामने आए थे। इसका फंडाफोड़ होने के बाद देशभर में हलचल मची और अंततः सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर व्यापमं से जुड़े मामलों की जांच सीबीआई को सौंपी गई।



यह मामला विशेष रूप से 2008 में आयोजित पटवारी भर्ती परीक्षा से संबंधित है। जांच में सामने आया कि कुछ उम्मीदवारों ने फर्जी प्रमाण पत्र और दस्तावेजों का इस्तेमाल कर परीक्षा में चयन हासिल किया, जिससे योग्य अभ्यर्थियों के अधिकारों का हनन हुआ।कोर्ट ने आरोपी रामेश्वर, राकेश, देवेंद्र, चेतन, बलराम, हरपाल, गोपाल, जितेंद्र, दिनेश और दिग्विजय सिंह सोलंकी को दोषी ठहराया।

मामले की शुरूआत 26 अक्टूबर 2012 को खंडवा जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में दर्ज एफआईआर से हुई थी। जांच के बाद खंडवा पुलिस ने 28 मई 2014 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। लंबे समय तक चले ट्रायल के बाद कोर्ट ने माना कि अभियोजन पक्ष आरोप सिद्ध करने में सफल रहा है। इसके बाद सभी 10 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए पांच वर्ष की सश्रम कैद और जुमार्ने की सजा सुनाई।

## भाजपा इंदौर ग्रामीण की कार्यकारिणी घोषित

# मंत्री तुलसी सिलावट का दिखा दबदबा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर




**विधायक मनोज पटेल के समर्थकों कम जगह मिली**

विधायकों की खींचतान की वजह से लंबे से अटकी भाजपा इंदौर ग्रामीण की कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। अंतर दयाल को जिला अध्यक्ष बनाने की कोशिश फेल होने के बाद मंत्री तुलसी सिलावट की नजर महामंत्री पद पर थी और वे अपनी जिद पूरी करने में सफल रहे।

इसी तरह मधु वर्मा, रामस्वरूप गहलोत को महामंत्री बनाना चाहते थे, जिसमें वे सफल रहे। सूची में मंत्री तुलसी सिलावट के समर्थकों को पूरी तरह से एडजस्ट किया गया है।

**अब मिली जिराती को तवज्जो-** भाजपा की नगर कार्यकारिणी में जीतू जिराती को बिल्कुल ही तवज्जो नहीं दी गई थी, लेकिन ग्रामीण में उनके कई समर्थक शामिल किए गए हैं। जिराती के समर्थक अश्विन पटेल, अजय यादव सहित कई और नाम सूची में शामिल हैं। मनोज पटेल के भी कई समर्थकों निलेश उपाध्याय, जालम सिंह सोलंकी, कुसुम रूप सिंह चौहान आदि को सूची में स्थान मिला है, लेकिन जैसा वे चाहते थे वैसा नहीं हो पाया। तुलसी सिलावट जहां महामंत्री पद पर कब्जा जमाने में सफल हुए हैं, वहीं भारत सिंह सोलंकी सहित कुछ और नाम भी सूची में शामिल हैं। खास बात यह कि जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने प्रीतेश शर्मा सहित कई समर्थकों को स्थान दिया है। मंत्री विजयवर्गीय समर्थक पूर्व जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा भी पवन पटेल, पीयूष विजयवर्गीय जैसे समर्थकों को कार्यकारिणी में शामिल कराने में सफल रहे हैं।

**इस कारण लेट हुई थी सूची-** इंदौर ग्रामीण की सूची में देरी का कारण देपालपुर के विधायक मनोज पटेल और महू की विधायक उषा ठाकुर के साथ ही मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी रहे हैं। तीनों अपने-अपने समर्थकों का नाम शामिल कराने के लिए अड़े हुए थे। सबसे ज्यादा टसल महू में ही थी, क्योंकि वहां से उषा ठाकुर के साथ ही विजयवर्गीय भी अपने समर्थकों के नाम दे रहे थे। इधर, उषा ठाकुर का कहना था कि जो लोग मेरे चुनाव में काम करते आ रहे हैं, उन्हें किसी भी तरह शामिल किया जाए।

इधर, जीतू जिराती भी अपने समर्थकों को एडजस्ट करने में लगे थे, क्योंकि नगर कार्यकारिणी में उन्हें जगह नहीं दी गई थी।

**उपाध्यक्ष पद के लिए कौन किसका समर्थक-** उपाध्यक्ष बनाए गए भारत सिंह चौहान सांवेर से हैं और सिलावट के करीबी है। दिलीप चौधरी भी सांवेर के हैं और सिलावट के ही करीबी है। विनोद जाट मानपुर के होकर सांसद कविता पाटीदार के करीबी है। लीला संतोष पाटीदार मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की करीबी है। पवन सिंह पटेल देपालपुर से होकर मंत्री विजयवर्गीय और श्रवण चावड़ा के करीबी है। वहीं सत्यनारायण पटेल देपालपुर के होकर मनोज पटेल के समर्थक है। वहीं धर्मेंद्र वर्मा राउ विधानसभा से होकर मधु वर्मा के समर्थक है।

**मित्तल एक बार फिर कोषाध्यक्ष बने-** हेमचंद मित्तल एक बार फिर कोषाध्यक्ष बने हैं और यह पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश सोनकर के समय से ही इस पद पर थे। कार्यालय मंत्री पर मुकेश जरिया है जो उषा ठाकुर के करीबी है। वहीं मीडिया प्रभारी विनोद चंदानी है जो सांसद शंकर लालवानी से जुड़े हुए हैं।

# 7वीं मंजिल से छात्र ने कूदने की कोशिश की

### इंदौर में कल्याण मार्ट की बिल्डिंग की बालकनी पर खड़ा था, पुलिस की सूझबूझ से बची जान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के राजेन्द्र नगर स्थित कल्याण मार्ट में एक छात्र ने मंगलवार देर शाम 7वें माले से छलांग लगाने की कोशिश की। सूचना के बाद पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची। राजेन्द्र नगर पुलिस की सूझबूझ से युवक को बचाया गया। बताया जा रहा है कि वह कर्ज से परेशान है।

टीआई नीरज बिरथरे ने बताया कि रेती मंडी चौराहे पर स्थित कल्याण मार्ट में मंगलवार शाम एक छात्र गोकुल, पुत्र विक्रम पाटीदार, निवासी गोपुर पहुंचा था। वह मार्ट में घूमते हुए 7वें माले तक पहुंच गया और वहां की बालकनी से छलांग लगाने की कोशिश करने लगा। उसे देखकर सिक्योरिटी गार्ड ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

जानकारी मिलते ही टीआई सहित थाने का बल मौके पर पहुंचा और काफी समझाइश के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया। टीआई के अनुसार, गोकुल लॉ कॉलेज में पढ़ाई कर रहा है और मूल रूप से रतलाम का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि वह कर्ज में डूबा हुआ है, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।


टीआई के मुताबिक, गोकुल से काफी देर तक बातचीत की गई। उसे समझाया गया कि उसकी जो भी समस्या है, उसे मिलकर सुलझाया जाएगा। वह पुलिस की बातों में आ गया। इस मामले की जानकारी गोकुल के परिजनों को दे दी गई है। उनके पहुंचने के बाद उसे परिवार के सुपुर्द किया जाएगा। फिलहाल उससे वरिष्ठ अधिकारी भी पूछताछ कर रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने राजेंद्र नगर टीआई सहित पूरे स्टाफ की त्वरित कार्रवाई और सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की है।

# थाइलैंड में अंतर्राष्ट्रीय विशिष्ट प्रतीक तनुज दीक्षित को दिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

यूनाइटेड पीस कीपर्स फेडरल काउंसिल द्वारा एडवोकेट तनुज दीक्षित को प्रतिष्ठित सकारात्मक सामाजिक विकास के लिए विशिष्ट प्रतीक प्रदान किया गया, यह सम्मान स्थानीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर सामाजिक विकास को आगे बढ़ाने में उत्कृष्ट नेतृत्व, प्रभावशाली सामुदायिक जुड़ाव और सार्थक योगदान के लिए उन्हें थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में प्रदान किया गया।

यह सम्मान यूएनपीकेएफसी के सबसे बड़े सम्मानों में से एक है, यह एक असाधारण



सामाजिक योगदान हेतु एक विशिष्ट सम्मान हैं। तनुज दीक्षित को अनेकों समुदायों को सशक्त और बेहतर बनाने, सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने, मानव विकास और दूसरों को सामूहिक विकास के प्रयासों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने में उनकी असाधारण प्रतिबद्धता के लिए चुना गया है।

यूनाइटेड पीस कीपर्स फेडरल काउंसिल की अध्यक्ष डॉ. अफिनिता चैचाना ने बताया, तनुज दीक्षित सेवा, करुणा और समाज के प्रति समर्पण का सच्चा उदाहरण हैं। उनके योगदान ने भारत ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों की ज़िंदगी को छुआ है और सकारात्मक सामाजिक बदलाव की दिशा में बड़े प्रयासों को प्रेरित किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतीक चिन्ह न केवल उनकी उपलब्धियों का सम्मान करता है, बल्कि मानवता के प्रति उनकी स्थायी प्रतिबद्धता का भी सम्मान करता है साथ ही पॉजिटिव सोशल डेवलपमेंट, अटूट समर्पण, असाधारण नेतृत्व और सभी के लिए बेहतर न्यायपूर्ण दुनिया बनाने के लगातार प्रयासों का भी प्रमाण है, बैंकॉक में इस विशेष अवसर पर श्रीमती डॉ. चेतना दीक्षित, धनिष्का दीक्षित एवं सुश्री रंगसिमा थोंगपंचंग, कंट्री डायरेक्टर थाइलैंड मुख्य रूप से उपस्थित थीं।

## खबर एक नजर...

### चार युवा चित्रकारों को राष्ट्रीय अभ्युदय सम्मान

**उज्जैन।** प्रतिनिधि कला संस्था कलावर्त न्यास द्वारा प्रतिवर्ष कला के क्षेत्र मे नवीन व मौलिक सृजन के लिये युवा चित्रकारों को दिया जाने वाला राष्ट्रीय ह्लअभ्युदय सम्मानह्व न्यास समिति ने इस वर्ष देश के वभिन्न नगरों मे क्रियाशील चार चित्रकारों नवलकिशोर (नईदिल्ली), चित्रसेन (उदयपुर), पी. राजकुमारी (हैदराबाद) तथा शिन शिवान (नाइदिल्ली) को प्रदान करने का निर्णय लिया है। चारों ही चित्रकार अपने मौलिक कला सृजन के लिये प्रसिद्धि पा चुके है।

न्यास के सचिव पवन गरवाल ने बताया कि चारों युवा चित्रकारों को न्यास द्वारा आगामी 25 दिसंबर की शाम अंतर्राष्ट्रीय कलापर्व के शुभारम्भ दिवस पर आयोजित होने वाले विशेष अलंकारण अंनुष्ठान मे सम्मानित किया जावेगा।

### 3 जनवरी को माँ शाकम्भरी भक्त मण्डल मनाएगा शाकम्भरी जयंती महोत्सव

**उज्जैन।** माँ शाकम्भरी भक्त मण्डल द्वारा 3 जनवरी 2026, शनिवार को जगत जननी माता शाकम्भरी के प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष्य पर एक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन शर्मा परिसर, देवास रोड़, उज्जैन पर आयोजित होगा। यह वर्ष आयोजन का पांचवाँ वर्ष है। इस अवसर पर माताजी की स्थापना, श्री दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन, मंगल पाठ, भजन, कन्या भोज, महाआरती एवं प्रसादी का आयोजन रहेगा। इस अवसर पर मंगल पाठ का आयोजन भी किया जावेगा। माँ शाकम्भरी भक्त मण्डल ने सभी शाकम्भरी भक्तों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इस कार्यक्रम को सफल बनावें।

### चाइनीस मांझे का उपयोग किया तो होगी कार्रवाई

**पिपलिया मंडी।** नगर परिषद पिपलिया मंडी अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनिल देवरिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सेन द्वारा व्यापारी बंधुओ तथा आम नागरिकों से अपीलकरी है कि आगामी 14 जनवरी 2026 मकर संक्रांति के पावन पर्व को दृष्टिगत रखते हुए संज्ञान में आया है की आए दिन पूरे भारतवर्ष में चाइनीस मांझे के उपयोग से कई मासूम लोगों की जान जा चुकी है।

# लाड़ली बहनों का अपमान करने वाले मंत्री विजय शाह का फूंका पुतला




पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर महिला कांग्रेस ने की एफआईआर दर्ज करने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लाड़ली बहनों के लिए आपत्तिजनक, अपमानजनक एवं स्त्री-विरोधी शब्द बोलने वाले भाजपा के मंत्री विजय शाह का महिला कांग्रेस द्वारा पुतला दहन किया गया वहीं पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपते हुए विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की।

महिला कांग्रेस की पूर्व शहर अध्यक्ष सोनिया ठाकुर एवं पूर्व जिलाध्यक्ष स्वाति सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन की लाड़ली बहना योजना, जो प्रदेश की करोड़ों महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता से जुड़ी है, उसी योजना की लाभार्थी बहनों के लिए रतलाम में आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान मंत्री विजय शाह द्वारा अत्यंत आपत्तिजनक, अमर्यादित एवं अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया, जो न केवल महिलाओं के स्वाभिमान का घोर अपमान है, बल्कि एक जनप्रतिनिधि द्वारा की गई गंभीर असंवेदनशीलता एवं मानसिक हिंसा भी है। यह बयान महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध है, संविधान द्वारा प्रदत्त समानता व सम्मान के अधिकार का उल्लंघन है, तथा भारतीय दंड



संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। सोनिया ठाकुर, स्वाति सिंह के साथ ही उषा मालवीय, सीमा पटेल, गीताबाई सहित अन्य महिलाओं ने विजय शाह का पुतला दहन करते हुए पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा तथा मांग की कि मंत्री विजय शाह के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए तथा संबंधित वीडियो/ऑडियो साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच प्रारंभ की जाए। महिलाओं की गरिमा भंग करने जैसे गंभीर अपराध में सख्त कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि इस गंभीर प्रकरण में शीघ्र एवं ठोस कार्यवाही नहीं की जाती है, तो उज्जैन जिला ग्रामीण एवं शहर महिला कांग्रेस लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक दायरे में रहते हुए उग्र आंदोलन, धरना-प्रदर्शन एवं उच्च अधिकारियों/न्यायालय का दरवाजा खटखटाने हेतु बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# 16वीं इंटर स्कूल ताईक्वांडो प्रतियोगिता में 150 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



### सेंट जेवीयर इंटरनेशनल स्कूल ने सबसे ज्यादा पदक अर्जित करते हुए फर्स्ट चॅम्पियनशिप ट्राफी पर कब्जा जमाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिला ताईक्वांडो संघ व वर्ल्ड ऑफ लाइफ फिटनेस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 16वीं इंटर स्कूल ताईक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन शहर के प्रेमछाया परिसर मे सम्पन्न हुआ। जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों से 150 खिलाड़ीयो ने प्रतिभागिता की।

प्रतियोगिता में सेंट जेवीयर इंटरनेशनल स्कूल ने सबसे ज्यादा पदक अर्जित करते हुए फर्स्ट चॅम्पियनशिप ट्राफी पर कब्जा जमाया। इसी के साथ द्वितीय स्थान पर शाश्वत इंटरनेशनल स्कूल उज्जैनिया व तृतीय स्थान पर सेंट फ्रांससिस स्कूल व चौथे स्थान पर ज्ञानवर्षा इंटरनेशनल स्कूल रहे। इस वर्ष जिला ताईक्वांडो संघ के दो खिलाड़ी सुहाना राठोड़ सीबीएसई नेशनल (इटावा) व स्कूल गेम्स नेशनल (अरुणाचल प्रदेश) एवं लक्ष्य आँठीया स्कूल गेम्स नेशनल (जम्मू) में म.प्र. का प्रतिनिधित्व कर चुके है। उनका सम्मान वोल्फ जिम के संस्थापक शादाब खान व सेंट फ्रांससिस स्कूल के डायरेक्टर डेनिस कामलिया के द्वारा किया गया। जिला ताईक्वांडो संघ ने पदक अर्जित विजेताओं व नेशनल खिलाड़ीयो के उज्वल भविष्य की कामना की।

### पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में कालिदास कन्या महाविद्यालय की छात्रा को स्वर्ण पदक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर द्वारा 15 दिसंबर को संभाग स्तरीय बॉडीबिल्डिंग एवं पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन की छात्रा इरफान बी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पावरलिफ्टिंग की 47 किलोग्राम भार वर्ग श्रेणी में स्वर्ण पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

बालिकाएं आज के समय में हर क्षेत्र में आगे है

छात्रा की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ वंदना गुप्ता ने छात्राओं को बधाई देते हुए हुए कहा कि छात्रा इरफान बी का स्वर्ण पदक विजेता होना इस बात को दशार्ता है कि बालिकाएं आज के समय में हर क्षेत्र में आगे है। खेल अधिकारी, संबंधित प्राध्यापकों एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस सफलता से अन्य छात्राओं को भी खेल गतिविधियों में सहभागिता एवं उत्कृष्टता के लिए प्रेरणा मिलेगी।

# जनसभा में करवाया स्वदेशी का संकल्प, यात्रा का पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

### उज्जैन पहुंची स्वदेशी संकल्प यात्रा, आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी अपनाओ संकल्प के साथ कराया जनजागरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन







राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी अपनाओ संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने हेतु कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में संचालित ह्लस्वदेशी संकल्प यात्राह्व उज्जैन पहुंची।

यह यात्रा स्थानीय व्यापार, स्वदेशी उद्योग, भारतीय उद्यमिता और आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रव्यापी अभियान को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उज्जैन में इसका आगमन जनजागरण और स्वदेशी विचार के प्रसार का एक विशिष्ट अवसर है। 15 दिसंबर की शाम उज्जैन में इंदिरा नगर आगर रोड से प्रवेश कर शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए शहर के मध्य टॉवर चौराहे पर जनसभा के रूप में एकत्रित होकर स्वदेशी का संकल्प करवाया गया। मार्ग में यात्रा का व्यापारी बंधु एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य किया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, कैट के संभागीय अध्यक्ष अवतंस जैन, महामंत्री सुनील गुप्ता, स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सहसंयोजक दिलीप सिंह चौहान, ऋषभ अग्रवाल, धीरज गोभुज, प्रदीप तिवारी, गोपाल सिंह जादौन, सुनील उपाध्याय, हैप्पी बना, मिट्ठू सिंह, हरीश शर्मा, महेंद्र सिंह, अजय त्रिवेदी, गंगाराम मंडलोई, आदर्श आदि कार्यकर्ता सहित विभिन्न व्यापारी संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर...

### स्वास्थ्य विभाग के 200 कर्मचारियों को शीघ्र मिलेगा मकान भाड़ा

**उज्जैन।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय उज्जैन के लगभग 200 से अधिक कर्मचारियों को पिछले कई वर्षों से वेतन हेड के सेगमेंट कोड में परिवर्तन नहीं होने के कारण मकान भाड़ा नही मिल रहा है, इस संदर्भ में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला उज्जैन के अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव एवं जिला सचिव राम सिंह बनिहार द्वारा अतिरिक्त संचालक वित्त स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को पत्र द्वारा संबंधित समस्या से अवगत कराया गया।

राज्य कर्मचारी संघ की पहल पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय उज्जैन से संबंधित कर्मचारियों की सूची सहित आवश्यक कार्रवाई कर भोपाल प्रेषित की गई है, जिससे स्वास्थ्य विभाग के वित्त प्रभात द्वारा शीघ्र सेगमेंट कोड् परिवर्तित करने की कार्रवाई की जानी है जिससे विभाग के 200 से अधिक कर्मचारियों को मकान भाड़ा भत्ता शीघ्र ही प्राप्त होने लगेगा। यह जानकारी मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला प्रवक्ता राकेश पाठक द्वारा दी गई।

### रक्तदान शिविर और फल वितरण कर दी गई श्रद्धांजलि

**शाजापुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे के पुत्र स्व. मयंक पांडे की प्रथम पुण्यतिथि मंगलवार 16 दिसंबर को सेवा और समर्पण के भाव के साथ मनाई गई। इस दौरान मयंक पांडे स्मृति सेवा न्यास के तत्वावधान में जिला चिकित्सालय में विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10 बजे जिला चिकित्सालय स्थित ट्रामा सेंटर में हुई, जहां स्व. मयंक पांडे की स्मृति में रक्तदान शिविर लगाया गया।

# 25 जनवरी को होगा अंतरराष्ट्रीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन

### उज्जैन रीजन के तत्वावधान में किया सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



25 जनवरी 2026 को होने वाले अंतरराष्ट्रीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन के पोस्टर का विधिवत विमोचन उज्जैन रीजन के तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से फेडरेशन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अश्विन कासलीवाल, स्नेहलता सोगानी, प्रदीप झांझरी, अभिषेक विनायका, ललित बडजात्या एवं नीरज सोगानी की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही उज्जैन फेडरेशन के समस्त पदाधिकारी तथा उज्जैन के सभी सोशल ग्रुपों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे।

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के तत्वावधान में विगत वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा अंतरराष्ट्रीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन, 25 जनवरी 2026 को दस्तूर गार्डन, इंदौर में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य जैन समाज के योग्य युवक-युवतियों को एक सशक्त, सुव्यवस्थित एवं संस्कारयुक्त मंच प्रदान कर वैवाहिक संबंधों की दिशा में सार्थक पहल करना है। फेडरेशन द्वारा आयोजित यह सम्मेलन आज देश-विदेश से आने वाले जैन परिवारों के लिए विश्वास, पारदर्शिता एवं सामाजिक समरसता का प्रभावी माध्यम बन चुका है। प्रतिवर्ष निरंतर आयोजन के कारण यह कार्यक्रम जैन समाज में अत्यंत लोकप्रिय एवं उपयोगी सिद्ध हो रहा है। सम्मेलन के पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में रीजन अध्यक्ष नवीन जैन द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत-सम्मान किया गया एवं परिचय सम्मेलन के उद्देश्य व स्वरूप की जानकारी दी गई।

## विजय दिवस पर गूंजा दंड प्रहार, संघ के स्वयंसेवकों ने 1971 के शौर्य को किया नमन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा मंगलवार सुबह जिलेभर में विजय दिवस ऐतिहासिक उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस दौरान संघ की विभिन्न शाखाओं पर स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से दंड प्रहार कर शक्ति और अनुशासन का प्रदर्शन किया। जिलेभर में आयोजित शाखाओं पर बाल, तरुण और बुजुर्ग स्वयंसेवकों की भारी उपस्थिति रही। बड़ी संख्या में एकत्रित स्वयंसेवकों ने अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार दंड लगाए। संघ द्वारा विजय दिवस को प्रहार दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य समाज में शौर्य और शारीरिक दक्षता का संदेश देना है।

**1971 की ऐतिहासिक विजय को किया याद-** इस आयोजन के माध्यम से 16 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान पर भारत की ऐतिहासिक जीत को स्मरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि आज ही के दिन भारतीय सेना के अदम्य साहस के आगे पाकिस्तान के लगभग 93,000 सैनिकों ने घुटने टेक दिए थे और आत्मसमर्पण किया था। कार्यक्रम के अंत में 1971 के युद्ध में देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## महापौर ने किया चौड़ीकरण के कार्यों का निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मंगलवार को महापौर मुकेश टटवाल ने निगम अधिकारियों के साथ कोयला फाटक से निजात पूरा एवं खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट तक किये जा रहे रोड चौड़ीकरण के कार्य का निरीक्षण किया ।

क्षेत्र के रहवासियों द्वारा स्वयं अपनी स्वेच्छा से अपने मकानों के चिन्हित भाग को हटाने का कार्य प्रारंभ किया गया है निगम द्वारा यहां पर नाली निर्माण, विद्युत पोल लगाने, रोड निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया है, कोयला फाटक कार्य में डीएलसी रोड निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है 100 मीटर क्षेत्र में डीएलसी का कार्य पूर्ण होकर सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा जिससे उक्त मार्ग पर आवागमन संचालन प्रारंभ होगा साथ ही खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट होते हुए मकानों को हटाने का कार्य पूर्ण हो चुका है वर्तमान में नाली निर्माण एवं विद्युत पोल लगाने के कार्य प्रारंभ किए जाएंगे इसी के साथ वार्ड क्रमांक 51 अंतर्गत कायाकल्प अभियान अंतर्गत महानंदा नगर बी सेक्टर में किए जा रहे डामरीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य श्री कैलाश प्रजापत, अपर आयुक्त श्री पवन कुमार सिंह, अधीक्षण यंत्री श्री संतोष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री श्री पीयूष भार्गव, सहायक यंत्री श्री राजकुमार राठौर, श्री डीएस परिहार, वार्ड 51 के पार्षद प्रतिनिधि श्री गौरव सेंगर, उपयंत्री श्री मुकुल मेश्राम, श्री राजेंद्र रावत एवं संबंधित कार्य के ठेकेदार उपस्थित रहें।



## भाजपा कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन सिन्हा को भेजा भगवान श्री चित्रगुप्त, बाबा महाकालेश्वर के दर्शन हेतु आमंत्रण

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय नेता श्री सिन्हा के भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने से कायस्थ समाज में हर्ष- मंगेश श्रीवास्तव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय नेता, बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री कायस्थ रत्न नितीन नवीन को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष बनाए जाने पर उज्जैन कायस्थ समाज के उज्जैन उत्तर विधानसभा के अध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा भारत द्वारा भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

उज्जैन कायस्थ समाज के उज्जैन उत्तर विधानसभा के अध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव ने कायस्थ समाज से आने वाले भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सिन्हा को खाकचोक स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त जी मंदिर एवं विश्व प्रसिद्ध श्री बाबा महाकालेश्वर के दर्शन करने आने का आमंत्रण भेजा। मंगेश श्रीवास्तव ने बताया कि श्री सिन्हा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से उज्जैन के कायस्थ समाज में खुशी की लहर हैं। समस्त समाजजनों ने कहा कि श्री सिन्हा पर भगवान श्री चित्रगुप्तजी एवं बाबा महाकाल का सदा आशीर्वाद बना रहे।

मंगेश श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का जन्म 23 मई, 1980 को रांची (झारखंड) में हुआ। इनके पिता स्वर्गीय नबीन किशोर प्रसाद सिन्हा पटना पश्चिम से 4 बार विधायक रहे। नितिन नबीन स्वयं 5 बार से लगातार बिहार विधानसभा के सदस्य हैं। पहली बार 2006 में पटना पश्चिम सीट से विधायक चुने गए। उसके बाद 2010, 2015, 2020 और 2025 में बांकीपुर विधानसभा सीट से लगातार विधायक चुने गए। 2010 से 2013 तक भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री के पद पर रहे। 2016 से 2019 तक बिहार भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का पद संभाला। 2019 में सिक्किम राज्य भाजपा संगठन प्रभारी का पद संभाला। 2021 में बिहार सरकार में सड़क निर्माण विभाग मंत्री का पदभार संभाला। 2021 से 2024 तक छत्तीसगढ़, भाजपा के सह-प्रभारी रहे। 2024 में बिहार सरकार में विधि विभाग और शहरी विकास एवं आवास मंत्री का पद संभाला। जुलाई 2024 से वर्तमान तक छत्तीसगढ़, भाजपा के प्रभारी का पदभार संभाल रहे हैं। वर्तमान में बिहार सरकार में सड़क निर्माण और शहरी विकास एवं आवास मंत्री के पद पर हैं। 14 दिसंबर, 2025 को उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### पूर्व सैनिकों ने विजय दिवस मनाया एवं युद्ध बलिदानियों को किया नमन

**उज्जैन।** फ्रीगंज स्थित शहीद पार्क में उज्जैन संभाग पर्व सैनिक कल्याण संगठन एवं जिला सैनिक कल्याण द्वारा विजय दिवस पर श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना की ऐतिहासिक विजय एवं वीर सैनिकों के अदम्य साहस को स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों, पूर्व सैनिकों एवं नागरिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों को नमन किया। इस दौरान संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी, पूर्व सैनिक, उनके परिजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। संगठन के अध्यक्ष सूबेदार कमल सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि विजय दिवस भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और बलिदान का प्रतीक है, जिसने देश को गौरवशाली क्षण प्रदान किया।

## रैली के माध्यम से गीले सूखे कचरे के सेग्रीगेशन महत्व को समझाया

# स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्लास्टिक हटाओ प्रकृति बचाओ के नारे लगाते हुए रैली के माध्यम से जागरूक किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत नगर निगम की सहयोगी संस्थाओं आईईसी एजेंसी द्वारा शहर में स्वच्छता की गतिविधियां संचालित की जा रही है जिसके क्रम में मंगलवार को स्वच्छता की पाठशाला अभियान अंतर्गत शहर के विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियान की जानकारी दी गई।

अभियान अंतर्गत वार्ड क्रमांक 02 सरस्वती शिशु मंदिर, वार्ड क्रमांक 49 अंतर्गत कालिदास मांटेसरी स्कूल, वार्ड क्रमांक 43 विजयराजे स्कूल, वार्ड क्रमांक 25 सन ब्लूम कान्वेंट स्कूल इत्यादि स्कूलों में आईईसी टीम के सदस्यों द्वारा पहुंचकर स्कूल के विद्यार्थियों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण एवं शहर की स्वच्छता अभियान के विभिन्न मापदंडों की जानकारी दी गई इसी के साथ वार्ड क्रमांक 49 स्थित कालिदास मांटेसरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा ट्रेजर बाजार स्थित मंगलवार को लगने वाले हाट बाजार में पहुंचकर दुकानदारों से पॉलिथीन का उपयोग न करने एवं स्वच्छता रखने की बात कही गई साथ ही अपने हाथों में स्वच्छता का संदेश लिखी तख्तियां थामे प्लास्टिक हटाओ प्रकृति बचाव के नारे लगाते हुए रैली भी निकाली गई एवं कागज से बने पेपर बैग हाट बाजार में आने वाले नागरिकों, दुकानदारों को वितरित किए गए एवं कहा कि पॉलीथिन का उपयोग पूर्णतया बंद करना है अन्यथा जप्त करने के साथ चालानी कार्यवाही होगी।

## खबर एक नजर...

### मोहन बड़ोदिया में दिव्यांग बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, दौड़ और रंगोली में जमाया रंग

**शाजापुर।** शारीरिक अक्षमता अगर मन के हौसलों के आड़े नहीं आती है, तो सफलता कदम चूमती है। इसी जज्बे का प्रदर्शन मंगलवार को मोहन बड़ोदिया स्थित जनपद शिक्षा केंद्र में देखने को मिला। जहां विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ बीआरसी योगेश भावसार, बीएसी ब्रजमोहन कारपेंटर और परमानंद चौहान द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। प्रतियोगिताओं के दौरान दिव्यांग बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। बच्चों ने चित्रकला और रंगोली के माध्यम से जहां रंगों का जादू बिखेरा, वहीं खेल मैदान पर भी अपना दमखम दिखाया। आयोजन में 100 मीटर और 50 मीटर दौड़, नींबू रेस, चेयर रेस, और सॉफ्टबॉल थ्रो जैसी स्पर्धाएं हुईं। इसके अलावा सांस्कृतिक गतिविधियों में एकल गायन प्रतियोगिता में बच्चों ने सुरीले गीतों की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिताओं के समापन के बाद अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों और हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

# शहर में ई-रिक्शा की संख्या लगातार बढ़ रही, रूट भी निर्धारित नहीं किए

### सवारी बैठाने के लिए जहां मर्जी हो वहां सड़क पर ई-रिक्शा खड़ा कर यातायात व्यवस्था बिगाड़ रहे

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन



शहर में ई-रिक्शा की की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है नौसिखियों के हाथ में इनकी कमान होने से हमेशा यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है। सवारी बैठाने के लिए जहां मर्जी हो वहां सड़क पर यह ई-रिक्शा खड़ा कर यातायात व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं। महाकाल मंदिर की तरफ जाने वाले मार्ग की संकरी गलियों में ई रिक्शा की वजह से हमेशा जाम लगा रहता है। इनका रूट भी निर्धारित नहीं किया गया है।

इसकी वजह से यह कहीं भी खड़े होकर ट्रैफिक व्यवस्था को चौपट कर रहे हैं महाकाल क्षेत्र में हमेशा जाम की स्थिति बनती है साथ ही कार सहित अन्य चौपाइयां वाहन भी महाकाल मंदिर की तरफ की संकरी गलियों से होकर निकल रहे हैं। इसलिए इन मार्गों पर हमेशा जाम लगा रहता है। ई-रिक्शा की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है । लेकिन ना तो इन ई-रिक्शा का रूट निर्धारित किया गया है ना ही इनकी मनमानी पर कोई लगाम कसी जा रही है खास बात तो यह है कई ई-रिक्शा की कमान नौसिखियों के हाथ में है इस वजह से यात्रियों की जान भी जोखिम में है। कई तो नशे में धुत होकर ई-रिक्शा चलाते हैं। सड़क पर स्टंट करते हुए भी पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों को पकड़कर उनको सबक सिखाया था लेकिन उसके बाद भी इनकी हरकतों से यह बाज नहीं आ रहे हैं इसके अलावा इनको किस रूट पर संचालित करना है इसका कोई निर्धारण नहीं किया जा रहा है। ई-रिक्शा को दो शिफ्ट में चलाने की व्यवस्था शुरू की गई थी लेकिन वह व्यवस्था भी फेल साबित हुई वर्तमान में ई रिक्शा की संख्या हजारों में है ओर यह थमने की जगह बढ़ती जा रही है, जिसके कारण शहर में सड़कों की चाल बिगड़ती जा रही है ओर आम जनमानस जाम के कारण हर रोज परेशान हो रहे है।

### सड़कों की बिगड़ रही चाल

जिस संख्या में ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है उसके बाद भी आरटीओ विभाग यह नहीं समझ पा रहा है कि इनकी संख्या बढ़ने से शहर में क्या हालात होंगे? वैसे शहरी परिवहन सेवा में संचालित वाहनों के लिए रूट का निर्धारण करना आरटीओ का काम है जिससे सड़कों की चाल बिगड़ न सके, लेकिन ई-रिक्शा व ऑटो का संचालन हो रहा है। वैसे शहर की ट्रैफिक सुधार के लिए करोड़ो की राशि खर्च कर तमाम काम किए जा रहे है, कुछ दिनों पहले ही कई जगह चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल भी लगाए गए हैं।

## स्टांप पेपर निर्धारित मूल्य से अधिक बेचने पर होगी कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

**नियमों का उल्लघंन करने पर स्टाम्प विक्रेताओं को 6 माह तक का कारावास**

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी जिला कोषालय श्री कुणाल खेरड़िया ने बताया कि कतिपय स्टाम्प विक्रेताओं द्वारा स्टाम्प निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बेचे जा रहे हैं, जो कि भारतीय मुद्रांक अधिनियम 1899 तथा मध्यप्रदेश स्टाम्प रूल्स 1942 के विपरीत तथा पंजीयक मुद्रांक द्वारा निर्धारित शर्तों का उल्लंघन है। स्टाम्प विक्रेताओं को स्टाम्प पर दर्शित मूल्य पर स्टाम्प विक्रय करने निर्देश हैं। नियमों का उल्लघंन करने पर स्टाम्प विक्रेताओं को 6 माह तक का कारावास या 500 रु. तक जुमार्ना या दोनों से दंडित किया जा सकता है और लाइसेंस को निरस्त भी किया जा सकता है। स्टाम्प के अधिक मूल्य पर बेचने सम्बन्धी किसी गतिविधि के बारे में वरिष्ठ कोषालय अधिकारी/पंजीयन मुद्रांक को सूचना दी जा सकती है।

## सांस अभियान का आयोजन 28 फरवरी तक

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

बाल मृत्यु में कमी लाना म०प्र० शासन प्रमुख लक्ष्य है। पांच वर्ष तक के बच्चों में सबसे अधिक मृत्यु का कारण निमोनिया संक्रमण है। देश में बाल्यकाल में 16.3 प्रतिशत मृत्यु निमोनिया के कारण होती है। एस.आर.एस. 2003 रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश की वल्लाी१ 5 ट्ठ्न१३ॅ३८ 44 प्रति 1000 जीवित जन्म है, वर्तमान में 5.1 प्रति हजार बच्चों की मृत्यु निमोनिया के कारण हो जाती है जिसे 3 प्रति हजार जीवित जन्म से कम किया जाना है मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उज्जैन द्वारा बताया कि निमोनिया से होने वाली मृत्यु को कम किए जाने हेतु समय पर लक्षणों की पहचान, प्रारंभिक उपचार एवं उचित स्वास्थ्य संस्था में रेफर तथा साथ ही निमोनिया के संबंध में जागरूकता आवश्यक है। साथ ही बच्चों में समुचित पोषण स्तर को बनाये रखने हेतु समस्त संसाधन का एकीकृत प्रबंधन किया जाना है। इसी तारतम्य में भारत सरकार के दिशा-निदेर्शानुसार प्रदेश में दिनांक 12 नवंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक अभियान का आयोजन किया जा रहा है।सांस अभियान की रणनीतिपांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में समुदाय एवं संस्था स्तर पर संभावित निमोनिया के प्रकरणों की सही समय पर पहचान, संशोधित क्टठक्र प्रोटाकॉल्स अनुसार उपचार एवं आवश्यकता पड़ने पर उचित संस्था में रेफरल, ऊ्र के उपयोग को बढ़ावा। स्वास्थ्य संस्थाओं की ऋक्टठक प्रोटोकॉल अनुसार तैयारी एवं रैफर प्रकरणों का प्रबंधन। सेवा प्रदाताओं की स्थित आधारित कौशलवृद्धि। समुदाय में निमोनिया की रोकथाम, बचाव एवं उपचार हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार। समुदाय में निमोनिया के प्रति कुरीतियों एवं अंधविश्वास में कमी लाए जाने, सामाजिक जागरुकता तथा व्यवहार परिवर्तन के संबंध में जानकारी प्रदाय करना।

# शाम होते ही पसर जाता है अंधेरा, एक डीपी के भरोसे पूरा गांव...

### बच्चों की पढ़ाई और रसोई पर संकट, डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र » शाजापुर



जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच ग्राम पंचायत मोरटा बर्डी के रहवासी बिजली संकट की दोहरी मार झेल रहे हैं। सर्दी में बार-बार बिजली गुल होने से नाराज महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनसुनवाई में जमकर विरोध दर्ज कराया। महिलाओं ने डिप्टी कलेक्टर नेहा गंगारे को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द अतिरिक्त डीपी (ट्रांसफार्मर) लगाने की मांग की।

ज्ञापन सौंपते हुए महिलाओं ने बताया कि सर्दी के मौसम में दिन छोटे होते हैं और शाम 6 बजे तक अंधेरा छा जाता है। ऐसे समय में जब बिजली की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तब ओवरलोड के कारण डीपी फेल हो जाती है। महिलाओं ने कहा, साहब! ठंड में शाम को जल्दी खाना बनाना पड़ता है, बच्चे भी इसी समय पढ़ते हैं, लेकिन बिजली न होने से घर में अंधेरा रहता है। न बच्चे पढ़ पा रहे हैं और न ही हम ठंड से बचने के लिए हीटर या अन्य उपकरण चला पा रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि मोरटा बर्डी क्षेत्र में आबादी बढ़ने के बावजूद बिजली के इंतजाम पुराने हैं। वर्तमान में केवल एक ही डीपी लगी है, जो लोड नहीं सह पाती। बार-बार ट्रिपिंग होने से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब होने का डर भी बना रहता है। वहीं महिलाओं ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सुविधाएं नदारद हैं, लेकिन बिलों में कोई कमी नहीं है। ओवरलोड और फाल्ट के बावजूद रीडिंग ज्यादा दिखाई जा रही है, जिससे भारी-भरकम बिल आ रहे हैं।

### आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीण महिलाओं ने प्रशासन को स्पष्ट कर दिया है कि यदि इस कंपकपाती ठंड में उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ और नई डीपी नहीं लगाई गई, तो वे कलेक्ट्रेट के बाहर धरना प्रदर्शन और चक्काजाम करने को मजबूर होंगी। फिलहाल अधिकारियों ने समस्या के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया है।

# पाइपलाइन बिछी, लेकिन 8 साल से प्यासे हैं कंठ, अवैध बताकर बूंद-बूंद से तरसा रही नगर पालिका

ब्रह्मास्त्र » शाजापुर



साहब! पाइपलाइन बिछे एक जमाना बीत गया, लेकिन हमारे घरों के नल आज भी सूखे हैं। यह दर्द है वार्ड क्रमांक 10 स्थित मंसूरी कॉलोनी की उन महिलाओं का, जो मंगलवार को जनसुनवाई में अपनी फरियाद लेकर पहुंचीं। तपती गर्मी हो या कड़ाके की ठंड, यहां के रहवासी पिछले 8 साल से पीने के पानी के लिए भारी संघर्ष कर रहे हैं। शहर के वार्ड क्रमांक 10 में विकास के दावे जमीन के नीचे दफन होकर रह गए हैं। मंसूरी कॉलोनी में विडंबना देखिए कि प्रशासन ने 8 साल पहले पाइपलाइन तो बिछा दी, लेकिन उसमें पानी छोड़ना भूल गया। सब्र का बांध टूटने पर कॉलोनी की महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंचीं और नगरपालिका के जिम्मेदारों की उदासीन कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर की।

### गुमराह कर रहे जिम्मेदार

कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं शिकायतकर्ता महिलाओं ने बताया कि पिछले 8 वर्षों से वे नल कनेक्शन के लिए नगर पालिका के चक्कर काट रही हैं। हर बार उन्हें नया बहाना मिलता है। कभी कॉलोनी को अवैध बता दिया जाता है, तो कभी कहा जाता है कि यह क्षेत्र नगर पालिका की सीमा में ही नहीं आता। सवाल यह है कि यदि कॉलोनी अवैध थी, तो पाइपलाइन बिछाई ही क्यों गई? महिलाओं का आरोप है कि कुछ रसूखदारों के मकान वैध हो गए हैं, लेकिन गरीब परिवार आज भी पानी के लिए तरस रहे हैं। ज्ञापन में महिलाओं ने सिर्फ पानी ही नहीं, बल्कि बदहाल सफाई व्यवस्था का भी जिक्र किया। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि तत्काल नल कनेक्शन दिए जाएं, अन्यथा वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगी।

# साहब! बच्चे भूखे न रहें इसलिए कर्ज लिया, अब घर चलाना भी मुश्किल

ब्रह्मास्त्र » शाजापुर



हम बच्चों को भूखा नहीं रख सकते, इसलिए कर्ज लेकर मिड-डे मील बना रहे हैं, लेकिन प्रशासन सुध नहीं ले रहा। यह दर्द है उन रसोइया बहनों का जो अपनी गुहार लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची थीं। प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ ने प्रशासन को साफ चेतावनी दी है कि यदि व्यवस्था नहीं सुधरी, तो वे चूल्हा बंद आंदोलन करेंगी। प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ के बैनर तले बड़ी संख्या में महिलाएं मंगलवार दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचीं। यहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम डिप्टी कलेक्टर नेहा गंगारे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महासंघ ने बताया कि 4-5 माह से राशन और पकाने की लागत का भुगतान नहीं हुआ है। आर्थिक तंगी के कारण गुणवत्तापूर्ण भोजन देना मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा, पोर्टल पर दर्ज बच्चों की संख्या और वास्तविक भुगतान में भी अंतर आ रहा है, जिससे समूहों को नुकसान हो रहा है।

ज्ञापन में एक और गंभीर मुद्दा उठाया गया। स्कूलों में बर्तन खरीदने के लिए राशि जारी नहीं की गई है। हालात यह हैं कि कई स्कूलों में बच्चों को पेपर की पत्तलों डिस्पोजल में खाना परोसना पड़ रहा है, जो स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए ठीक नहीं है।

## खबर एक नजर...

### मुख्यमंत्री ने 113 श्रमिक परिवारों को 2 करोड़ 41 लाख की सहायता प्रदान की

**मंदसौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना के अंतर्गत प्रदेश के 7 हजार 227 श्रमिक परिवारों को कुल 107 करोड़ रुपये की अनुग्रह सहायता राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरण किया। जिला श्रम अधिकारी श्री प्रकाश डोड़वे ने बताया कि मंदसौर जिले के कुल 113 श्रमिक परिवारों को 2 करोड़ 41 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई। जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन एनआईसी कक्ष में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संबल योजना के हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का लाइव उद्बोधन देखा एवं सुना। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में संबल योजना को श्रमिक परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार बताते हुए शासन की जनकल्याणकारी सोच को रेखांकित किया।

### महिलाओं पर विवादित बयान देने वाले मंत्री विजय शाह का जलाया पुतला

**मंदसौर।** मंदसौर गांधी चौराहा पर महिलाओं पर देशादित बयान देने वाले भाजपा के मंत्री विजय शाह का जलाया गया पुतला जिला कांग्रेस महिला मोर्चा द्वारा, एवं बताया गया कि ज्ञापन के माध्यम से मांग की जाएगी उनके इस्तीफे की क्योंकि इस तरह भाजपा के सरकार में मंत्री महिलाओं पर विवादित टिप्पणी लगातार कर रहे हैं पुतला दहन के इस अवसर पर उपस्थित रहने वाली महिला नेत्रियों में राखी सत्रावाला,रफत पयामी,इष्टा भावचत,सुनीता बंडी,अनीता भदोरिया,वर्षा सांखला,नेहा कनकमल जैन,नमृता सत्रावाला,योगिता बैरागी,रेखा परनाम, जानकी यादव,मीना चौहान,सोनिया जैन,सुनीता माली,पूजा माहेश्वरी,माधवी वर्मा,प्रमिलसिंह राठौर,लता वर्मा ,कमला बुआजी( अमलावद )आदि इस अवसर पर उपस्थित थी ।

### भाजपा नेता संतोष चोपड़ा ने अध्यक्ष नितिन नबीन का किया स्वागत

**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता संतोष चोपड़ा ने दिल्ली में भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री नितिन नबीन से सौजन्य भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन की मजबूती एवं जमीनी कार्यकताओं की भूमिका को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। यह भेंट संगठनात्मक दृष्टि से विशेष मानी जा रही है। वरिष्ठता, अनुभव और पुराने संगठनात्मक संबंधों के आधार पर हुआ यह संवाद भाजपा की एकजुटता, अनुशासन और संगठनात्मक मजबूती का स्पष्ट संदेश देता है।

### नीमच में अनियंत्रित पिक अप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नीमच।** शहर के बघाना थाना क्षेत्र के एक सड़क हादसे में पिकअप गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक और समय मौत हो गई। इस सड़क हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। सोमवार देर शाम हुए एक पिकअप वाहन और बाइक टक्कर में बाइक सवार युवक की दुखद मृत्यु हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब युवक दिनभर की कड़ी मेहनत और मजदूरी के बाद घर लौट रहा था। इस हृदयविदारक घटना ने एक पत्नी से उसका सुहाग छीन लिया वहीं तीन मासूम बच्चियों के सिर से पिता का साया भी उठ गया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की और टक्कर मारने वाले वाहन को जब्त कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना में अमावली महल के रहने वाले 30 वर्षीय सुरेंद्र सिंह राजपूत पिता लक्ष्मण सिंह सोमवार को नीमच शहर में हम्माली का काम करने के बाद घर लौटते समय शाम को एक पिकअप वाहन है बाइक को टक्कर मार दी। सुरेंद्र सिंह को होटल राज पैलेस-लेवडा मार्ग कालका माता मंदिर के समीप सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि सुरेंद्र सिंह बाइक समेत सड़क पर जा गिरने और गंभीर रूप से घायल हो गए।

# एमरजेंसी केयर बर्न इंजरी ट्रॉमा एवं सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग मैनेजमेंट पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर



सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. शशी गांधी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार सुंदरलाल पटवा चिकित्सा महाविद्यालय में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पदस्थ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स का तीन दिवसीय एमरजेंसी केयर एवं सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग पर प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया।

यह प्रशिक्षण मुख्यतः एमरजेंसी केयर बर्न इंजरी ट्रॉमा एवं सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग मैनेजमेंट पर आधारित है। प्रशिक्षण हेतु संभाग के चार जिलों मंदसौर, नीमच, आगर मालवा एवं रतलाम से ४० कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर महाविद्यालय पहुंचे। अधिष्ठाता डॉ. शशि गांधी ने उपस्थित प्रशिक्षण अभ्यर्थियों को इस एमरजेंसी केयर ट्रेनिंग का महत्व एवं कम्युनिटी में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता हेतु इसकी आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किये। प्रशिक्षण के पहले दिन कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को उनके क्लीनिकल रोल, एमरजैंसी केयर में उनका योगदान, फर्स्ट एड, सीपीआर, मेडिकल एवं सर्जिकल इमरजेंसी, फ्रैक्चर, सर्प दंश एवं एनिमल बाइट पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशिक्षण का प्रथम सत्र महाविद्यालय के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग अध्यक्ष डॉ. सुनील कांत गुलेरी द्वारा लिया गया। तत्पश्चात अन्य मेडिकल एवं सर्जिकल इमरजेंसी पर महाविद्यालय के डॉ. अनिल मंगेशकर, डॉ. नयन सिलावट एवं डॉ. संजय रावत द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किए गए।

पहले दिन के प्रशिक्षण के आखिर में डॉ. सौमित्र सेठिया द्वारा एनिमल बाइट, रेबीज, एवं हीट एवं कोल्ड इंजरी पर सी.एच.ओ को प्रशिक्षित किया गया। एमरजेंसी केयर पर यह प्रशिक्षण अगले दो दिन जारी रहेगा। जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पदस्थ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग की प्रक्रिया को विस्तार से सुंदरलाल पटवा चिकित्सा महाविद्यालय मंदसौर की महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रिया दरबार द्वारा समझाया जाएगा। प्रशिक्षण के तीसरे दिन समस्त प्रशिक्षणार्थियों को एमरजेंसी केयर हेतु आवश्यक विभिन्न कौशल तकनीक सिखाई जाएंगी। कौशल प्रशिक्षण हेतु महाविद्यालय की स्किल लैब प्रयोगशाला में मौजूद एडवांस्ड १रुहहश्वक्तढ्ढहस्१ का प्रयोग किया जाएगा। महाविद्यालय द्वारा दिया जाने वाला यह प्रशिक्षण समस्त कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को एमरजेंसी केयर एवं बर्न ट्रॉमा, सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग में दक्ष बनाने में मददगार होगा।

### मंत्री चेतन्य काश्यप ने किया प्रतिभावान दिव्यांग तैराक अब्दुल कादिर का अभिनंदन



रतलाम। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने दुबई में एशियन यूथ पैरा ओलम्पिक तैराकी स्पर्धा में रतलाम, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान दिव्यांग तैराक अब्दुल कादिर इंदौरी का अभिनंदन किया 7 श्री काश्यप ने अब्दुल के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि 25 वर्ष पूर्व खेल चेतना मेला की शुरुवात जिस उद्देश्य से की गई थी , वो पूरा होता दिख रहा है। अब्दुल ने एशियन यूथ पैरा ओलम्पिक में 3 गोल्ड एवं 1 कांस्य पदक जीतकर दुनियाभर में रतलाम का नाम रोशन किया है। ज्ञातव्य है कि अब्दुल ने खेल चेतना मेला से अपनी प्रतिभा दिखाना प्रारंभ की थी।

# जनसुनवाई में सुनी 54 आवेदकों की समस्याएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल एवं सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने 54 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो। लोगों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जनसुनवाई के दौरान मल?हारगढ़ निवासी नजमा बी ने प्रधानपंत्री आवास योजना का लाभ एवं पट्टा प्रदान किये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर सीईओ जनपद को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। सेजपुरीया निवासी अशोक ने अवैध अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर तहसीलदार मंदसौर शहर को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। रलायती निवासी कैलाश ने कृषि भूमि का सीमांकन करने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार गरोठ को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में विद्युत कनेक्शन दिलवाने, मुआवजा राशि दिलवाने, आर्थिक सहायता प्रदान करने, पेंशन प्रकरण का निराकरण करने, संबल योजना का लाभ दिलवाने, भावांतर योजना की राशि दिलवाने एवं राजस्व अभिलेख में सुधार करने जैसे विविध प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।

### एटीम कार्ड बदलकर की 50 हजार की ठगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

वाय डी नगर थाना क्षेत्र के कृषि उपज मंडी के सामने सेंट्रल बैंक एटीएम से आरोपी ने बैलेंस चेक करने के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर 50 हजार निकाले, मंदसौर वाय डी नगर पुलिस ने फरियादी देवी सिंह सिसोदिया निवासी गुडभेली की शिकायत पर केस दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू की हैं।

# प्रदेश अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह ने दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में जीता पुरस्कार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी



दिनांक 15 दिसंबर 25 को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ठिकाना मुंदेडी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी 24 अखबर रोड नई दिल्ली में आयोजित एक दिवसीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित हुए जहां पर संपूर्ण देश के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित थे वहां मध्य प्रदेश का नाम गोरवान्वित करते हुए राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण में पारंगता को ज्ञात करने हेतु प्रशिक्षण से संबंधित प्रश्न पूछे गए उसमें कुंवर शक्तावत ने पूछे गए प्रश्नों का त्वरित उत्तर देते हुए विजय हासिल की और विजय हासिल करने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय डॉ उदित राज जी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश यादव जी के द्वारा डॉक्टर जोसेफ मर्फी द्वारा लिखी गई पुस्तक १द पावर ऑफ योर सबकॉन्शियस माइंड पुस्तक१ को पुरस्कार के रूप में कुंवर शक्तावत को देकर सम्मानित किया गया एवं प्रशिक्षण के पश्चात कुंवर शक्तावत को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया और राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा संपूर्ण राष्ट्रीय कौर कमेटी के पदाधिकारीयों ने कुंवर शक्तावत के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान एवं आदरणीय राहुल गांधी जी के सपनों को सरकार करने हेतु दिशा निर्देश दिए।


### विधायक परिहार ने झंडी दिखाकर विशाल रैली का शुभारम्भ किया

नीमच। जिले के जीरन के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान पर संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक दिलीपसिंह परिहार, मण्डल अध्यक्ष मदन गुर्जर ने खिलाड़ियों की रैली को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से झंडी दिखाकर विशाल रैली का शुभारम्भ किया।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01 श्रीमती सौरगबाई पति श्री गरसिंह. 02-श्री संतोष पिता श्री गरसिंह, दोनो जाति कलोता, दोनो कृषक ग्राम बंगरेड तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य में कृषि भूमि सर्वे नंबर-103/2 रकबा 2.2600 हेक्टर, 104/2 रकबा, 2.0000 हेक्टर एवं 107/2 रकबा 0.8500 हेक्टर कुल किता 03 कुल रकबा 5.1100 हेक्टर जो कि ग्राम बगरेड तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण रकवे 5.1100 हेक्टर मेसे 2.0000 हेक्टर (10 बीघा) को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामीयो से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवांना शेष है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेड़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामीयो से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक-16.12.2025

**राजकुमार प्रजापत, एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स,**
**देवास रोड उज्जैन (म० प्र०)**
**मोबाइल नं.-94259-46659**




## शिल्पा शेट्टी के रेस्टोरेंट बैस्टियन पर एफआईआर दर्ज


### नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में पुलिस ने लिया स्वतः संज्ञान

शिल्पा शेट्टी और उनका रेस्टोरेंट बैस्टियन एक बार फिर से सुर्खियों में है। एक्ट्रेस के बेंगलुरु स्थित बैस्टियन रेस्टोरेंट के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। ये एफआईआर नियमों के उल्लंघन की वजह से किया गया है।

पुलिस ने रेस्टोरेंट के मैनेजर और स्टाफ के खिलाफ कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया है। यह मामला कर्नाटक पुलिस एक्ट की धारा 103 के तहत स्वतः संज्ञान के बाद दर्ज किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बैस्टियन 11 दिसंबर को तय समय से अधिक यानी रात 1:30 बजे तक खुला था। बैस्टियन के अलावा, सॉर बेरी पब के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। पूरे मामले में अब तक आठ लोगों का बयान दर्ज किया गया है। बता दें कि 11 दिसंबर को ही बेंगलुरु बैस्टियन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें वायरल वीडियो में बिग बॉस के पूर्व कंटेस्टेंट और बिजनेसमैन सत्या नायडू नजर आ रहे थे। बिल चुकाने के दौरान पब के स्टाफ से इनकी बहस हो गई। फिर वो बहस झगड़े में बदल गई। हालांकि, पब स्टाफ ने फिर बीच-बचाव करके मामले को शांत किया था। विवाद बढ़ने पर सत्या ने सफाई में कहा था कि वो दोस्तों के साथ डिनर के लिए पब गए थे। बिल भरते समय कुछ दिक्कत हुई थी लेकिन इस दौरान किसी तरह की मारपीट नहीं हुई है।

# जन्मदिन पर भाई को याद कर भावुक हुईं सेलिना जेटली

**यूएई हिरासत में बंद मेजर विक्रांत के लिए लिखा- मैं तुम्हारे साथ खड़ी हूं**



बॉलीवुड एक्ट्रेस सेलिना जेटली के भाई रिटायर्ड मेजर विक्रांत कुमार जेटली बीते एक साल से यूएई (यूनाइटेड अरब अमीरात) में हिरासत में हैं। एक्ट्रेस भाई को भारत वापस लाने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रही हैं। सोमवार को अपने भाई के जन्मदिन पर सेलिना ने सोशल मीडिया पर उन्हें याद किया।

सोमवार को सेलिना ने इंस्टाग्राम पर अपने भाई की तस्वीरों का एक कोलाज शेयर किया और साथ ही लिखा, जन्मदिन मुबारक हो भैया। मुझे नहीं पता कि तुम तक कैसे पहुंचें, लेकिन मैं कोशिश करती रहूंगी। मैं हार नहीं मानूंगी। मेरे प्यारे बच्चे, तुम हमेशा मेरे छोटे भाई ही रहोगे, डंपी। मेरे लिए तुम मेजर विक्रांत कुमार जेटली नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे अच्छे मामा हो। इस वक्त तुम्हारा मेरी जिंदगी में न होना मेरे जीवन के सबसे तकलीफदेह अनुभवों में से एक है। मुझे हम दोनों बहुत याद आते हैं। हमारी मजेदार बातें, पूरी दुनिया पर चर्चाएं, वो परिवार जिन्हें हम पसंद करते थे और जिन्हें नहीं करते थे, हमारे जोक्स और हमारी बिना रुके हंसी।

सेलिना ने पुराने पारिवारिक पलों को भी याद किया। उन्होंने लिखा, मुझे मऊ में डिनर के बाद पान खाने की हमारी लंबी ड्राइव्स याद आती हैं। दुबई के अरबियन रैंचेस में बिताई शामें, जब बच्चे तुम पर चढ़े रहते थे। तुम्हारे कोर्स मेट्स से मिलना, माता-पिता के बगीचे में अलाव के पास ठंडी बीयर पीना। मुझे आईएमए और घाटी से लिखे तुम्हारे खत याद आते हैं। कोविड के समय की हमारी लंबी व्हाट्सऐप चैट्स भी याद आती हैं। तुम बच्चों को स्क्वैश सिखाने की प्लानिंग करते थे और हम दोनों मन से साथ-साथ मैराथन दौड़ते थे। हम बिना किसी सीमा के सपने देखते थे। दुनिया के सबसे अच्छे मामा को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं। जुजू तुम्हें हमेशा प्यार करता/करती है। पोस्ट में आगे उन्होंने लिखा, आज तुम्हारा जन्मदिन है, मेरे बच्चे। मैं चाहती हूं कि तुम जानो कि मुझे तुम पर कितना गर्व है। मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूं। मैं तुम्हारे साथ खड़ी हूं। मैं तुम्हारे लिए लड़ रही हूं। मैं तब तक नहीं रुकूंगी, जब तक तुम घर वापस नहीं आ जाते, अपने भारत वापस।

**सेलिना ने कहा था- एक भी रात बिना रोए नहीं सो पातीं**

वहीं इससे पहले भी नवंबर में सेलिना जेटली ने भाई को लेकर सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट शेयर की थी और बताया था कि भाई की याद में वह एक भी रात बिना रोए नहीं सो पातीं। सेलिना ने लिखा था कि वह अपने भाई के साथ चट्टान की तरह खड़ी हैं और उनके लिए हर संभव प्रयास कर चुकी हैं। सेलिना ने बताया था कि दिल्ली हाईकोर्ट ने उनके भाई के मामले में मदद का आश्वासन दिया है। कोर्ट ने सरकार से स्थिति रिपोर्ट मांगी है और एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया है, जो मामले में समन्वय करेगा।



## बॉर्डर 2 के टीजर लॉन्च पर सनी देओल भावुक हुए

### डायलॉग बोलने के बाद आंसू पोंछते दिखे वरुण धवन ने एक्टर के पैर छू लिया आशीर्वाद

पिता धर्मेंद्र के निधन के बाद सनी देओल ने पहली बार पब्लिक अपीयरेंस दी है। सनी अपनी अपकमिंग फिल्म बॉर्डर 2 के टीजर लॉन्च इवेंट में दिखे। मेकर्स ने विजय दिवस के मौके पर मुंबई में फिल्म के टीजर लॉन्च के लिए ग्रैंड इवेंट रखा था। हालांकि,टीजर लॉन्च के दौरान मीडिया से कोई बातचीत नहीं हुई।

इस दौरान दौरान सनी देओल, वरुण धवन और अहान शेट्टी भी मौजूद रहे। इवेंट में बात करते हुए, सनी काफी इमोशनल नजर आए। दरअसल, इवेंट में सनी ने फिल्म से अपना एक दमदार डायलॉग बोला- 'आवाज कहां तक जानी चाहिए' वहां मौजूद ऑडियंस और स्टारकास्ट ने चिल्ला कर जवाब दिया लाहौर तक। सनी दोबारा उसी लाइन को दोहराते हैं। लेकिन सनी ये डायलॉग बोलते समय काफी भावुक हो गए और अपने आंसुओं को रोकने की कोशिश करने लगे। बॉर्डर 2 में दिखाई गई देशभक्ति और नई पीढ़ी इसे कैसे समझेगी पर बात करते हुए सनी ने कहा- 'देश हमारी मां है, युवा पीढ़ी की भी यही भावना होगी। वे इसकी रक्षा करेंगे, जैसे उनके पिता और दादा ने की थी। वह ऊर्जा वैसी ही बनी रहेगी, यह देश हमारा घर है। अगर इसे कुछ भी होता है, तो हमारा खून खौल उठता है।

# लोग क्या कहेंगे के चक्कर में फंसी रही



**महिमा चौधरी बोलीं- दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी में सामाजिक दबाव वर्सेस मर्यादा-नैतिकता की जंग दिखेगी**




एक्ट्रेस महिमा चौधरी की फिल्म दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी सेकंड चांस की थीम पर आधारित है। इस फिल्म में समाज का दबाव और मर्यादा-नैतिकता के बीच की जंग दिखाई गई है। हाल ही में बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि लोग क्या कहेंगे वाली सोच आज भी हमें कई चीजें करने से रोक देती है। ऐसी मुश्किल व्यक्त में सच्चाई का सामना कैसे करें, यह बात फिल्म में दिखाई गई है। पेश है महिमा चौधरी से हुई बातचीत के कुछ प्रमुख अंश..

- **सवाल:** जब फिल्म ह्यदुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का पोस्टर आया तो लोगों को लगा कि आपने सच में संजय मिश्रा से शादी कर ली। आप क्या कहना चाहेंगी?
- **जवाब:** मुझे ढेर सारे मैसेज आए। मुझे लगता है लोगों को पता ही नहीं था कि फिल्म बन न्यूज है, प्रमोशन नहीं।
- **सवाल:** फोटो शूट के समय आप जिस अंदाज में पैपराजी से बात कर रही थीं और लोग मिठाई खाकर जा रहे थे, उस समय सिचुएशन तो बहुत कमाल की थी। क्या कहना चाहेंगी?
- **जवाब:** असल में वो बहुत नॉर्मल बात थी। हम फोटोशूट कर रहे थे, तभी उन्होंने कहा, दो मिनट के लिए बाहर आ जाइए, धूप में फोटो खिंचवा लो। मैं तो चेंज करने वाली थी अगले पोस्टर के लिए, जो दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे वाला गेटअप था। लेकिन उन्होंने कहा, नहीं मैम, लाइट चली जाएगी, ऐसे ही आ जाइए। हम सोच रहे थे ऐसा कैसे, प्रकाश में जाकर शादी हो गई क्या? नेक्स्ट डे सब कांग्रेचुलेशंस भेज रहे थे, जैसे क्या बधाई दे रहे हो? वो तो बस हो गया।
- **सवाल:** इस फिल्म की शूटिंग ज्यादातर बनारस में हुई है, क्या की क्या चीजें आपको खास लगीं?
- **जवाब:** मुझे ब्लू लस्सी का वो स्टॉल याद है, और हमारा फेवरेट डोसा वाला, जो दशाश्वमेध घाट से पहले वाले इलाके में है। हम लोग तो होटल में ही रुके थे, लेकिन संजय जी ने बिल्कुल घाट के किनारे पर ही एक कमरा लिया था। वे वहीं पर खुद खाना बनाते थे और पानी के बिल्कुल पास रहते थे, क्योंकि उन्हें ऐसे ही रहना अच्छा लगता है।
- **सवाल:** फिल्म में सेकंड चांस की थीम पर समाज का दबाव और आपकी मर्यादा-नैतिकता के बीच की जंग दिखाई गई है। इस किरदार को निभाते हुए आपने इसे अपनी रियल लाइफ से कैसे कनेक्ट किया?
- **जवाब:** सोशल मीडिया पर सब यही कह रहे हैं कि जो भी करो, खुश रहो। अगर दूसरी इनिंग्स मिले या कोई चीज न चले, तो कोशिश मत छोड़ो। फिर से ट्राई करो, उम्मीद बनाए रखो। उम्मीद ही जिंदगी का सबसे बड़ा ड्राइवर है। जिस दिन उम्मीद खो दी, तो सब खत्म। बचपन में एक कहानी सुनी थी न? एक लड़की बीमार है, वो कहती है कि जब आखिरी पत्ता गिर जाएगा, तब मर जाऊंगी। सर्दी आ जाती है, लेकिन एक पत्ता नहीं गिरता। वो उसी उम्मीद से जी जाती है। वो पत्ता पेंटर ने दीवार पर बना कर लटकाया था। जिंदगी भी वैसी ही है। हमेशा उम्मीद रखनी चाहिए। ये उम्मीद आस्था से मिलती है। इसलिए बुजुर्ग कहते हैं, घर से निकलने से पहले भगवान के सामने हाथ जोड़ लो। मैं आजकल यही करती हूं। हर काम से पहले कहती हूं, भगवान, आप संभाल लेना। सबकी जिंदगी में ये उम्मीद का जज्बा होना चाहिए।
- **सवाल:** अक्सर हम सोचते रहते हैं कि लोग क्या कहेंगे। क्या आपके साथ भी ऐसा कभी हुआ? आपने उससे कैसे पार पाया?
- **जवाब:** मैं रोज ये चीज झेलती हूं। मैं कोशिश करती हूं कि मैं ये मानूं कि हमें ये नहीं सोचना चाहिए कि लोग क्या कहेंगे, लेकिन सच ये है कि हमारे अंदर ये बात बैठी हुई है। फिर भी हम कई बार सोचते नहीं, बस कहते हैं, रहने दो, ऐसे ही ये मसला सॉल्व कर लेते हैं, नहीं तो लोग बेवजह बातें करेंगे, गलत सोचेंगे। यही वाली सोच आज भी हमें कई चीजें करने से रोक देती है। जैसे कि इस फिल्म के डायरेक्टर सिद्धांत ने मुझे एक अनजान नंबर से मैसेज किया कि दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादीश् नाम की फिल्म बना रहे हैं। टाइटल ही मुझे बहुत इंटरेस्टिंग लगा। जब उन्होंने पूरी कहानी सुनाई, तो मैंने पूछा कि दुर्लभ प्रसाद कौन है? तो बोले-संजय मिश्रा जी। फिर उन्होंने मेरा इंट्रो बताया कि आपका इंट्रोडक्शन ऐसा होगा कि आप सिगरेट पी रही हो और शराब की बोतल खरीद रही हो। वहीं पर मेरे दिमाग में फिर से लोग क्या कहेंगे वाला सवाल आ गया। मैं अभी-अभी अपने ट्रीटमेंट से निकली हूं, मैं अब एक बच्चे की मां हूं। हम एक्टर्स अपने आपको बहुत सीरियसली लेने लगते हैं कि नहीं, मुझे अपनी ऐसी इमेज नहीं बनानी कि लोग सोचें मैं इन चीजों को बढ़ावा दे रही हूं। मुझे ऐसी टॉक्सिक (नुकसानदायक) आदतों को ग्लैमराइज नहीं करना था।

## आईपीएल ऑक्शन : 77 प्लेयर्स पर 215 करोड़ रुपये खर्च

# ग्रीन सबसे महंगे खिलाड़ी, अनकैप्ड प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा पर सीएसके ने 28 करोड़ खर्च किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई


आईपीएल 2026 के लिए मिनी ऑक्शन मंगलवार को अबू धाबी में हुआ। इसमें 156 खिलाड़ियों पर बोली लगी। 10 टीमों ने 215.45 करोड़ रुपए खर्च कर 77 खिलाड़ी खरीदे। इनमें 29 विदेशी और 48 भारतीय शामिल रहे। आईपीएल 2026 की शुरूआत 26 मार्च से होगी।

ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बने। उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 25.20 करोड़ रुपए में खरीदा। ग्रीन ने अपने ही हमवतन मिचेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्हें 2024 में केकेआर ने 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ियों में ऋषभ पंत 27 करोड़ रुपए के साथ पहले और श्रेयस अय्यर 26.75 करोड़ रुपए के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

केकेआर ने भले ही कैमरन ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपए में खरीदा, लेकिन ग्रीन को 18 करोड़ रुपए ही मिलेंगे। बाकी 7.20 करोड़ बीसीसीआई के वेलफेयर फंड में जमा किए जाएंगे। बीसीसीआई ने पिछले साल विदेशी खिलाड़ियों के लिए मिनी ऑक्शन में 18 करोड़ रुपए की ऊपरी सीमा तय की थी, ताकि ज्यादा मांग के नाम पर विदेशी खिलाड़ी अनुचित फायदा न उठा सकें।

**प्रशांत और कार्तिक सबसे महंगे अनकैप्ड इंडियन-** इस ऑक्शन में युवा भारतीय खिलाड़ियों पर भी टीमों ने जमकर भरोसा जताया। 20 साल के प्रशांत वीर और 19 साल के कार्तिक शर्मा 14.20-14.20 करोड़ रुपए में बिके। दोनों को चेन्नई सुपर किंग्स ने 30 लाख की बेस प्राइस से करीब 47 गुना ज्यादा कीमत देकर खरीदा। उरङ ने इन पर कुल 28.40 करोड़ खर्च किए। ये दोनों इस सीजन के सबसे महंगे भारतीय बने हैं। प्रशांत उत्तर प्रदेश से हैं, जबकि कार्तिक राजस्थान के रहने वाले हैं। इसके अलावा, जम्मू-कश्मीर के आकिब नबी डार को दिल्ली कैपिटल्स ने 8.40 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा।

**केकेआर ने पथिराना-मुस्तफिजुर पर दांव लगाया-** तेज गेंदबाजों के सेट में केकेआर ने सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखाई। उसने श्रीलंका के मथीशा पथिराना (18 करोड़) और बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान (9.20 करोड़) को खरीदा। स्पिनर्स में रवि बिश्नोई को राजस्थान रॉयल्स ने 7.20 करोड़ रुपए में खरीदा। वहीं, वेंकटेश अय्यर को आरसीबी ने 7 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा। 2024 के मेगा ऑक्शन में ङफ ने वेंकटेश अय्यर पर 23.75 करोड़ रुपए खर्च किए थे।

**कॉन्वे, तीक्ष्णा और मुजीब अनसोल्ड रहे 2023 के प्लेयर ऑफ द फाइनल रहे-** डेवोन कॉन्वे, श्रीलंका के मिस्ट्री स्पिनर महीश तीक्ष्णा और अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान पर किसी फ्रेंचाइजी ने रुचि नहीं दिखाई। उनका नाम दो बार ऑक्शन पूल में लाया गया। इसके बावजूद अनसोल्ड रहे। इनके अलावा, ऑस्ट्रेलिया के जैक फ्रेजर-मैगर्क, वेस्टइंडीज के अल्जारी जोसेफ और साउथ अफ्रीका के जेराल्ड कूट्जी को भी किसी ने नहीं खरीदा।

# अभिज्ञान कुंडू का अंडर-19 एशिया कप में दोहरा शतक



## 16 चौके, 9 छक्के लगाए, भारत ने 408 बनाकर मलेशिया को 315 रन से हराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अंडर-19 एशिया कप में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में भारत ने मलेशिया को 315 रन से करारी शिकस्त दी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू के नाबाद दोहरे शतक की बदौलत 7 विकेट पर 408 रन बनाए। जवाब में मलेशिया की टीम 93 रन पर ऑलआउट हो गई। यह मैच दुबई के द सेवेंस स्टेडियम में खेला गया। भारत की ओर से पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे अभिज्ञान कुंडू ने तीन विकेट गिरने के बाद वेदांत त्रिवेदी के साथ 209 रन की अहम साझेदारी की। कुंडू ने 125 गेंदों पर नाबाद 209 रन बनाए, जिसमें 16 चौके और 9 छक्के शामिल थे। वेदांत-वैभव के अर्धशतक कुंडू की पारी की मदद से भारतीय अंडर-19 टीम ने 7 विकेट पर 408 रन बनाए। उनके अलावा वेदांत त्रिवेदी ने 106 बॉल पर 90 और वैभव सूर्यवंशी ने 26 बॉल पर 50 रन की पारी खेली। मलेशिया के लिए मुहम्मद अकरम ने 89 रन देकर 5 विकेट लिए। यूथ वनडे में नहीं गिना जाएगा रिकॉर्ड कुंडू के रन और शतक यूथ वनडे मैच के रिकॉर्ड में नहीं जुड़ेंगे। मलेशिया क्ळउ के फुल मेंबर में शामिल नहीं है और इसी वजह से इस मैच को अंडर-19 इंटरनेशनल मैच का दर्जा प्राप्त नहीं है।

# जॉन सीना ने डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास लिया

## आखिरी मैच में गुंथर से हारे, 20 साल बाद टैप आउट हुए, फिल्मी करियर जारी रहेगा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी रेसलर जॉन सीना ने संन्यास ले लिया है। करीब दो दशक तक रेसलिंग रिंग में राज करने वाले जॉन को आखिरी मुकाबले में पराजय का सामना करना पड़ा।

48 साल के जॉन सीना ने पिछले साल 'मनी इन द बैंक' इवेंट में कह दिया था कि वे 2025 के अंत तक वे रेसलिंग रिंग को अलविदा कह देंगे। जनवरी से उनका रिटायरमेंट टूर शुरू हुआ। नाइट्स मेन इवेंट में गंथर के खिलाफ उनका आखिरी मुकाबला हुआ। मैच की शुरूआत में सीना पूरी लय में नजर आए, लेकिन जैसे-जैसे वक्त बढ़ा, उनकी ताकत जवाब देने लगी। रिंग जनरल ने उन्हें टैप आउट करने पर मजबूर किया। 20 साल में पहली बार जॉन सीना किसी मैच में टैप आउट हुए हैं। जॉन सीना ने सबसे ज्यादा 17 बार हहए चैंपियनशिप जीतीं।

**ट्रिपल एच, अंडरटेकर जैसे दिग्गजों ने बधाई दी-** आखिरी मैच हारने के बाद जॉन सीना ने फैंस को सैल्यूट करके रिंग को अलविदा कहा। मैच के बाद ट्रिपल एच, स्टैफनी मैक्मोहन, सीएम पंक, कोडी रोड्स, द अंडरटेकर जैसे दिग्गज रेसलर ने जॉन सीना को उनके शानदार करियर पर बधाई दी।

**सबसे ज्यादा 16 बार डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप जीती-** जॉन सीना ने सबसे ज्यादा 16 बार डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप जीती है। उन्होंने 1999 में प्रो-रेसलिंग करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने अल्टीमेट प्रो रेसलिंग के लिए हैवीवेट चैंपियनशिप अपने नाम की। सीना ने टीवी पर अपनी शुरूआत 27 जून 2002 को कर्ट एंगेल की एक खुली चुनौती का जवाब देते हुए किया।

# एडिलेड टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम घोषित



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एडिलेड में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान कर दिया गया है। टीम से सीनियर बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को बाहर रखा गया है, जबकि टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने लंबी चोट के बाद वापसी की है। चयनकर्ताओं ने जेक वेदराल्ड और ट्रेविस हेड की आक्रामक ओपनिंग जोड़ी पर भरोसा बनाए रखा है।

दो बदलावों के साथ टीम घोषित ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट से पहले प्लेइंग कॉम्बिनेशन में दो बदलाव किए हैं। कप्तान पैट कमिंस ने पर्थ टेस्ट में डेब्यू करने वाले ब्रेंडन डॉगेट की जगह ली है। वहीं, गाबा टेस्ट की दूसरी पारी में पांच विकेट लेने वाले माइकल नेसर को बाहर कर अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लायन को टीम में शामिल किया गया है। फिट होने के बावजूद ख्वाजा को मौका नहीं उस्मान ख्वाजा पर्थ टेस्ट के दौरान पीठ में खिंचाव (बैक स्पैज्म) की समस्या से जूझ रहे थे, जिसके कारण वह दोनों पारियों में ओपनिंग नहीं कर सके थे। इसके चलते वह ब्रिस्बेन में खेले गए दूसरे टेस्ट में भी टीम का हिस्सा नहीं थे। हालांकि, इस सप्ताह ख्वाजा ने खुद को पूरी तरह फिट बताते हुए टीम में बने रहने की इच्छा जताई थी।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

आवश्यकता है
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता
ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

फार्म हाउस
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

आवश्यकता
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

खरीदना है
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट मोच फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

भूमि बेचना है
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

बेचना है
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

किराए से देना है
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## सोना 1700 रुपये टूटकर

# 1,35,900 रुपये के भाव पर



### चांदी की कीमतों में क्या बदला?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

चार दिन दिन की रिकॉर्ड तेजी के बाद सोना 1700 टूटकर 1,35,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा। जानें अखिल भारतीय सरार्फा संघ के नए रेट्स और बाजार में मुनाफावसूली के कारण कीमतों पर पड़े असर के बारे में।

चार दिन की रिकॉर्ड तेजी के बाद सोने की कीमतों में मंगलवार को नरमी दिखी। आखिल भारतीय सरार्फा एसोसिएशन के अनुसार हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सोना 1700 रुपये टूटकर 1,35,900 रुपये के भाव पहुंच गया। यह नरमी वैश्विक स्तर पर कीमतों में कमजोरी के बीच निवेशकों की मुनाफावसूली के कारण आई।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 4000 रुपये की बढ़त के साथ 1,37,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया था। पिछले चार सत्रों में सोने की कीमतों में 6000 रुपये की बढ़ोतरी दिखी है।

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष अनुसंधान विश्लेषक - कमोडिटी और मुद्रा, जतीन त्रिवेदी ने कहा, सोने की कीमतों में मुनाफावसूली देखी गई और ये अस्थिर बनी रहीं, जिससे वैश्विक बाजारों में पीली धातु 4,275 अमेरिकी डॉलर के स्तर की ओर फिसल गई और दबाव में बनी रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिसर्च एनालिस्ट दिलीप परमार ने भी इसी भावना को व्यक्त करते हुए कहा, घरेलू सोने की कीमतों में भी नरमी आई, जिससे चार दिनों की बढ़त रुक गई। हालांकि, भारतीय रुपये की लगातार कमजोरी ने इन नुकसानों को काफी हद तक कम कर दिया, जो रिकॉर्ड निचले स्तर पर बना रहा।

## सस्ती बैटरी तकनीक ने सोलर ऊर्जा को रात में भी

# विश्वसनीय और 24 घंटे उपलब्ध शक्ति स्रोत में बदला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र से आई एक नई रिपोर्ट ने दुनिया भर में बिजली व्यवस्था को लेकर बड़ी हलचल मचा दी है। यह खुलासा किसी सरकार ने नहीं, बल्कि लंदन स्थित स्वतंत्र ऊर्जा थिंक-टैंक इंबर ने किया है। रिपोर्ट बताती है कि बैटरी अब इतनी सस्ती हो चुकी हैं कि दिन में बनी सूरज की बिजली को बड़े पैमाने पर स्टोर कर रात में भी आसानी से उपयोग में लाया जा सकता है। यह बदलाव सिर्फ तकनीकी अपग्रेड नहीं, बल्कि ऊर्जा व्यवस्था के पूरे ढांचे को बदल देने वाला मोड़ माना जा रहा है। पहली बार सोलर बिजली को दिन में बनने वाली अस्थायी बिजली नहीं, बल्कि 24 घंटे उपलब्ध विश्वसनीय बिजली के रूप में देखा जाने लगा है।

इंबर के ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी विश्लेषण दल की विशेषज्ञ कोस्तांसा रेंगेलोवा ने कहा, 2024 में बैटरी उपकरणों की कीमतों में 40% की गिरावट आई थी और 2025 में भी यह तेजी से नीचे जा रही है। बैटरियों की पूरी अर्थव्यवस्था बदल गई है और उद्योग अभी भी इस नई वास्तविकता को समझने की कोशिश कर रहा है। रेंगेलोवा का यह बयान बताता है कि ऊर्जा परिवर्तन का यह दौर सिर्फ भविष्य की तैयारी नहीं, बल्कि वर्तमान में हो रहे बड़े बदलावों का संकेत है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में बैटरी स्टोरेज की लागत गिरकर वैश्विक बाजार में मात्र 65 डॉलर प्रति मेगावॉट-घंटा रह गई है। पूरी बैटरी स्टोरेज सिस्टम की लागत अब 125 डॉलर प्रति किलोवॉट-घंटा और चीन से आने वाली उपकरण कीमत 75 डॉलर प्रति किलोवॉट-घंटा तक सीमित हो चुकी है। यह कमी सिर्फ कीमतों का उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि बैटरियों के तेज उत्पादन, तकनीकी सुधार, बड़े पैमाने के निर्माण और वैश्विक मांग में आए उछाल का परिणाम है।

सोलर के सामने सबसे बड़ा सवाल हमेशा यही रहा–दिन में तो बिजली मिल जाती है, पर रात के समय क्या होगा? इस चुनौती का समाधान अब बेतहाशा सस्ती होती बैटरियों ने दे दिया है। रिपोर्ट की गणना के अनुसार, यदि दिन की आधी सोलर बिजली



- भारत में बिजली की मांग हर साल नए रिकॉर्ड बना रही है। उद्योग, शहरों, गांवों और डिजिटल इकोसिस्टम के विस्तार के बीच पीक डिमांड लगातार बढ़ती जा रही है। कोयले पर अत्यधिक निर्भरता के कारण भारत की ऊर्जा लागत और पर्यावरणीय चुनौतियाँ भी बढ़ी हैं। ऐसे में सोलर-बैटरी संयोजन देश की ऊर्जा रीढ़ को बदल सकता है। यह बदलाव सिर्फ पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से भी निर्णायक है। सस्ती और स्थिर बिजली उत्पादन से औद्योगिक उत्पादन लागत घटेगी, घरों और छोटे व्यवसायों को बिजली का नया भरोसा मिलेगा, और ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय भी स्थायी बिजली उपलब्ध हो सकेगी।
- रिपोर्ट इस बात को भी रेखांकित करती है कि बैटरी तकनीक की उम्र अब बढ़ गई है और कुशलता पहले से कहीं बेहतर हो चुकी है। फाइनेंसिंग पर लागत कम हुई है और कई देशों में बैटरी स्टोरेज को स्थिर राजस्व मॉडल मिल रहे हैं, जैसे पावर स्टोरेज नीलामी और फिक्स्ड भुगतान मॉडल। इसका मतलब है कि निवेशकों के लिए भी यह क्षेत्र अधिक सुरक्षित और आकर्षक बन रहा है।

बैटरी में स्टोर की जाती है, तो स्टोरेज की लागत कुल उत्पादन लागत पर केवल 33 डॉलर प्रति मेगावॉट-घंटा का अतिरिक्त बोझ डालती है। वैश्विक औसत सोलर लागत 43 डॉलर प्रति मेगावॉट-घंटा है। इस प्रकार, रात के समय उपलब्ध तैयार बिजली की कुल लागत सिर्फ 76 डॉलर प्रति मेगावॉट-घंटा आती है, जो कि कई देशों में अभी भी कोयले से बनने वाली बिजली की लागत से कम है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बदलाव उन देशों के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है जिन्हें बढ़ती बिजली मांग के साथ जूझना पड़ रहा है–जिन्हें ऊर्जा सुरक्षा की चिंता है, जहां कोयला और गैस महंगे होते जा रहे हैं, और जहां उपभोक्ता बिजली कटौती और महंगे टैरिफ से परेशान हैं। भारत उन देशों में सबसे ऊपर है, जहां यह बदलाव निर्णायक असर डाल सकता है। ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि सोलर और बैटरी का यह संगम वैश्विक बिजली व्यवस्था के इतिहास में एक बड़े मोड़ की शुरूआत है। जैसे कभी कोयला औद्योगिक क्रांति की रीढ़ बना, वैसे ही अब सोलर-बैटरी संयोजन 21वीं सदी के ऊर्जा भविष्य की रीढ़ बनने की ओर बढ़ चुका है। यह बदलाव सिर्फ उत्पादन तकनीक का नहीं, बल्कि पूरे अर्थतंत्र का है–जहां बिजली की कीमतें घटेंगी, ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी, प्रदूषण कम होगा और दुनिया तेजी से क्लीन पावर की तरफ बढ़ेगी। इंबर की रिपोर्ट जिस तरह साफ संकेत देती है, उससे यह स्पष्ट है कि दुनिया जिस क्लीन पावर मोमेंट का इंतजार कर रही थी, वह अब सामने आने लगा है। यह भविष्य नहीं–वर्तमान है। और अब वह दिन दूर नहीं जब रात के अंधेरे में भी सूरज की रोशनी उतनी ही सहज उपलब्ध होगी, जितनी दोपहर के उजाले में मिलती है।

## नवंबर में बेरोजगारी दर

# गिरकर 7 महीने के निचले स्तर 4.7 प्रतिशत पर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

नवंबर 2025 में ग्रामीण बेरोजगारी दर घटकर 3.9 प्रतिशत के नए निचले स्तर पर आ गई, जबकि शहरी बेरोजगारी दर घटकर 6.5 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल 2025 में दर्ज किए गए अपने पिछले सबसे निचले स्तर के बराबर है। आइए सरकार की ओर से जारी आंकड़ों को विस्तार से जानें।

15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर (यूआर) नवंबर 2025 में घटकर रिकॉर्ड निचले स्तर 4.7 प्रतिशत पर आ गई। अक्तूबर 2025 में यह 5.2 प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में शहरी बेरोजगारी नवंबर 2025 में घटकर 4.7 प्रतिशत हो गई। यह आंकड़ा अप्रैल 2025 के बाद से सबसे निचला स्तर है। मंत्रालय ने आगे कहा कि नवंबर 2025 में ग्रामीण बेरोजगारी दर घटकर 3.9 प्रतिशत के नए निचले स्तर पर आ गई, जबकि शहरी बेरोजगारी दर घटकर 6.5 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल 2025 में दर्ज किए गए अपने पिछले सबसे निचले स्तर के बराबर है। अप्रैल 2025 में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी। बयान के अनुसार, कुल मिलाकर, रुझान ग्रामीण रोजगार में वृद्धि, महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और शहरी श्रम मांग में धीरे-धीरे सुधार के कारण श्रम बाजार की स्थितियों में मजबूती का संकेत देते हैं। इसमें कहा गया है कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुष और महिलाओं दोनों के लिए वफमें नवंबर 2025 में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई। महिलाओं में, नवंबर 2025 में गर्भपात की दर घटकर 4.8 प्रतिशत हो गई, जो अक्तूबर 2025 में 5.4 प्रतिशत थी। यह गिरावट ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिला शहरी उपयोग दरों में कमी के कारण हुई, जो क्रमशः 4.0 प्रतिशत से घटकर 3.4 प्रतिशत और 9.7 प्रतिशत से घटकर 9.3 प्रतिशत हो गई।

## रिकॉर्ड बिक्रीः पिछले महीने बिके 4.12 लाख से ज्यादा यात्री वाहन

# जीएसटी कटौती से भी बिक्री को मिली रफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पिछले साल नवंबर की तुलना में इस साल नवंबर में 18.7% अधिक यात्री वाहन बिके। यात्री, दोपहिया और तिपहिया वाहनों के निर्यात में भी पिछले महीने 96.3 फीसदी तक की तेजी दर्ज की गई। दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री भी नवंबर में 21 फीसदी बढ़कर 19,44,475 इकाई के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।

त्योहारों के बाद भी मजबूत मांग बने रहने से देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री नवंबर, 2025 में सालाना आधार पर 18.7 फीसदी बढ़कर 4,12,405 इकाई के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई। बीते साल नवंबर में कुल 3,47,522 यात्री वाहन बिके थे। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश की सबसे बड़ी वाहन निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने पिछले महीने कुल 1,70,971 यात्री वाहन बेचे। यह नवंबर, 2024 में बेचे गए 1,41,312 यात्री वाहनों से 21 फीसदी अधिक है।



**मजबूत मांग और जीएसटी सुधार से मिला समर्थन–** महिंद्रा एंड महिंद्रा की थोक बिक्री 46,222 इकाई के मुकाबले 22 फीसदी बढ़कर 56,336 इकाई पहुंच गई। इस दौरान ह्यूंडई मोटर इंडिया ने 50,340 यात्री वाहन बेचे, जो सालाना आधार पर चार फीसदी अधिक है। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, त्योहारों के बाद भी मजबूत मांग बने रहने और सरकार के जीएसटी सुधारों के समर्थन से घरेलू मोटर वाहन उद्योग ने नवंबर में बिक्री की रफ्तार को बरकरार रखा। यात्री वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों ने नवंबर में अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की। उम्मीद है कि निरंतर सहायक नीतिगत सुधारों और बेहतर बाजार भावनाओं से यह वृद्धि 2026 में भी जारी रहेगी।

**निर्यात में जबरदस्त उछाल–** यात्री, दोपहिया और तिपहिया वाहनों के निर्यात में पिछले महीने 96.3 फीसदी तक की तेजी दर्ज की गई। इस दौरान यात्री वाहनों का निर्यात सालाना आधार पर 39.8 फीसदी बढ़कर 84,646 इकाई पहुंच गया। कारों का निर्यात 18.3 फीसदी की वृद्धि के साथ 40,519 इकाई रहा। दोपहिया वाहनों का निर्यात 30.1 फीसदी तेजी के साथ 4,71,012 इकाई पहुंच गया।

### दोपहिया व तिपहिया वाहनों की बिक्री भी नए शिखर पर

दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री भी नवंबर में 21 फीसदी बढ़कर 19,44,475 इकाई के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में 16,04,749 दोपहिया वाहन बिके थे। स्कूटर की बिक्री 5,68,580 इकाई से 29 फीसदी की वृद्धि के साथ 7,35,753 इकाई पहुंच गई। मोटरसाइकिल बिक्री पिछले महीने 17.5 फीसदी बढ़कर 11,63,751 इकाई के स्तर पर पहुंच गई। मोपेड की बिक्री में सालाना आधार पर दो फीसदी की गिरावट रही और कुल 44,971 इकाई बिके। तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 21 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 71,999 इकाई पहुंच गई।

## दिसंबर में एटीएफ की बिक्री 4.1 प्रतिशत तक घटी

# इंडिगो संकट का असर ईंधन की मांग पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

दिसंबर में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से जेट ईंधन की बिक्री में 4% से अधिक की गिरावट आई है। जानें कैसे कोहरे और नए नियमों का असर ईंधन की मांग पर पड़ा, जबकि डीजल की बिक्री में तेजी दर्ज की गई।

दिसंबर में इंडिगो की बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द होने का असर विमान के ईंधन की मांग पर पड़ा है। दिसंबर के पहले पखवाड़े में विमानन टरबाइन ईंधन यानी एटीएफ की बिक्री में 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।

भारत के विमानन क्षेत्र में कोविड महामारी के कारण आई मंदी से उबरने के बाद से पिछले दो वर्षों में जेट ईंधन (एटीएफ) की मांग लगातार बढ़ रही थी। लेकिन यह रुझान तब बदल गया जब दिसंबर में इंडिगो को बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो को पायलटों के ड्यूटी टाइम के नए नियमों, कर्मचारियों की कमी और प्रमुख हवाई अड्डों पर घने कोहरे जैसी मौसम से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

आंकड़ों के अनुसार, 1 से 15 दिसंबर के दौरान एटीएफ की बिक्री पिछले वर्ष की इसी अवधि के 3,45,400 टन से घटकर 3,31,400 टन रह गई। मासिक आधार पर बिक्री में 7.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। ईंधन बाजार में जेट ईंधन एक अपवाद था, जबकि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी जैसे अन्य प्रमुख ईंधनों में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। देश में सबसे अधिक खपत होने वाला ईंधन डीजल है और कुल ईंधन खपत में इसका हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत है। 1 से 15 दिसंबर के दौरान इसकी बिक्री लगभग 5 प्रतिशत बढ़कर 33 लाख टन हो गई। हालांकि, त्योहारी मांग कम होने के कारण मासिक बिक्री में 5.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। 1 से 15 दिसंबर 2023 के दौरान 3.16 मिलियन टन डीजल की खपत की तुलना में, भारत में सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले ईंधन की मांग में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दिसंबर 2022 की पहली छमाही में 2.87 मिलियन टन की बिक्री की तुलना में यह 15.2 प्रतिशत अधिक थी। दिसंबर के पहले पखवाड़े में पेट्रोल की खपत 7.7 प्रतिशत बढ़कर 13 लाख टन हो गई। 1 से 15 दिसंबर 2023 की तुलना में पेट्रोल की बिक्री में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई और दिसंबर 2022 के पहले पखवाड़े में हुई 10 लाख टन की बिक्री की तुलना में यह वृद्धि 24.7 प्रतिशत रही।

## वनतारा का अनुभव साथ रहेगा : मेसी

**जामनगर.** दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने मंगलवार को अनंत अंबानी द्वारा स्थापित वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र वनतारा का दौरा किया। वहां पर उन्होंने वन्यजीवों के बचाव और संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों को देखा और उसकी सराहना की। साथ ही कहा कि वनतारा भ्रमण का अनुभव हमेशा साथ रहेगा। इस केंद्र में मेसी ने पारंपरिक रूप से सनातन धर्म के अनुसार प्रकृति और सभी जीवित प्राणियों के प्रति सम्मान का अनुभव किया। वहां पर उन्होंने पारंपरिक अनुष्ठानों में भी भाग लिया। साथ ही वन्यजीव संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और अनंत अंबानी के साथ उनकी दोस्ती को उजागर किया।

## टूटे स्प्रिंग के सहारे ट्रैक पर दौड़ी गोड्डा एक्सप्रेस

**पीडीडीयू नगर।** पीडीडीयू जंक्शन पर मंगलवार शाम उस समय हड़कंप मच गया जब टूटे स्प्रिंग के सहारे अप की दोराई गोड्डा एक्सप्रेस पहुंची। मौके पर पहुंची रेलवे टीम ने स्लीपर कोच को हटाकर दूसरा कोच लगाया। इस दौरान ट्रेन डेढ़ घंटे तक खड़ी रही। काफी देर तक खड़ी रहने से यात्रियों में नाराजगी दिखी। पीडीडीयू जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या सात पर मंगलवार शाम छह बजे झारखंड के गोड्डा से दोराई जाने वाली गोड्डा दोराई एक्सप्रेस पहुंची। ट्रेन के पहुंचते ही कर्मचारी कोच चेक करने लगे। इस दौरान ट्रेन के एस 6 (स्लीपर कोच) के चक्के का स्प्रिंग टूटा देख आवाक रह गए। आनन फानन में इसकी जानकारी अधिकारियों को दी। अधिकारियों के निर्देश पर स्लीपर कोच को हटकार उसकी जगह इकोनॉमी एसी कोच लगाया गया। कोच बदलने के दौरान किसी अनहोनी घटना से सशंकित यात्री परेशान दिखे। ट्रेन अपने निर्धारित ठहराव के डेढ़ घंटे विलंब से आगे के लिए रवाना हुई।

## नेशनल हेराल्ड केस में ईडी की चार्जशीट खारिज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से मंगलवार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने धनशोधन मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ ईडी की ओर से दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि मौजूदा स्थिति में मामले पर सुनवाई करना कानूनन संभव नहीं है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत ने अपने आदेश में कहा कि ईडी का मामला किसी प्राथमिकी पर नहीं, बल्कि भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की एक निजी शिकायत पर आधारित है, जबकि धनशोधन के मामले में किसी मूल अपराध की प्राथमिकी का होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस मामले में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा पहले ही प्राथमिकी दर्ज कर चुकी है, ऐसे में ईडी द्वारा दायर आरोपपत्र पर अभी फैसला देना जल्दबाजी होगी। एजेंसी चाहे तो मामले से जुड़े साक्ष्यों को एकत्रित करना जारी रख सकती है।

### क्या थे आरोप

ईडी ने नौ अप्रैल को गांधी परिवार व अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। ईडी ने आरोप लगाया था कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी, दिवंगत नेता मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडिस, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और यंग इंडियन नामक निजी कंपनी ने साजिश के तहत एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की करीब 2000 करोड़ रुपये की संपत्तियों पर कब्जा किया। एजेंसी का दावा है कि यंग इंडियन में गांधी परिवार की 76 फीसदी हिस्सेदारी है और इसी के जरिए एजेएल की संपत्तियां हासिल की गईं। निचली अदालत द्वारा अप्रैल में दायर चार्जशीट पर सुनवाई न करने के फैसले के बाद ईडी नए सिरे से आरोप पत्र दाखिल करेगी। अधिकारियों ने बताया कि ईडी नया आरोप पत्र दाखिल करने से पहले आरोपियों से दोबारा पूछताछ कर सकती है।

# मध्यप्रदेश- यूपी में आज घने कोहरे की चेतावनी, कर्नाटक के ऊटी में बर्फ जमी

## श्रीनगर में रात का तापमान -1.8 डिग्री दर्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



देश के सर्दी बढ़ने के साथ मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान जैसे मैदानी राज्यों में घना कोहरे का असर दिखने लगा है। मंगलवार को यूपी के मथुरा समेत अलग-अलग जगहों पर कोहरे के कारण वाहन आपस में टकराए।

यमुना एक्सप्रेस वे पर कोहरे के चलते 8 बसें और 3 कारें टकराईं। हादसे में 13 लोगों की जलकर मौत हो। 5 घटनाओं में 25 लोगों की मौत हुई। 70 से ज्यादा घायल भी हुए।

मंगलवार को मध्य प्रदेश में भोपाल सबसे ज्यादा ठंडा रहा। यहां तापमान 4.5℃ रिकॉर्ड किया गया, जो इस सीजन का सबसे कम तापमान रहा। इधर, राजस्थान के ज्यादातर जिलों में मिनिमम तापमान 10℃ से नीचे दर्ज किया गया है। श्रीगंगानगर में कोहरे के कारण विजिबिलिटी 10 मीटर से भी कम रही।

तमिलनाडु में कोल्ड वेव का अलर्ट है। हिल स्टेशन ऊटी में भी कारों पर बर्फ की परत जम गई। यहां मंगलवार सुबह का तापमान 13℃ रिकॉर्ड किया गया।

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रात का तापमान गिरकर -1.8℃ पहुंच गया। साथ ही यहां घना कोहरा भी छाया। वहीं कोकरनाग में न्यूनतम -0.6℃ रहा। गुलमर्ग घाटी में तापमान -0.5℃ के साथ फ्रीजिंग पॉइंट के ऊपर दर्ज किया गया।

**भोपाल-ग्वालियर समेत 22 जिलों में घना कोहरा रहेगा-** कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के साथ मध्यप्रदेश में फिर से कोल्ड वेव यानी, शीतलहर का दौर शुरू हो गया है। बुधवार को भोपाल, रायसेन, राजगढ़, शाजापुर-सीहोर में कोल्ड वेव का अलर्ट है। वहीं, भोपाल, ग्वालियर समेत 22 जिलों में घना कोहरा छाएगा। कोहरे की वजह से ट्रेनें-फ्लाइट भी डिले हो रही हैं। मौसम विभाग ने बुधवार को भोपाल, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, मैहर, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, दमोह, सागर और विदिशा में घना कोहरा छाने का अलर्ट जारी किया है।

### जेट स्ट्रीम की रफ्तार 222 किमी प्रतिघंटा

वर्तमान में जेट स्ट्रीम भी चल रही है। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जेट स्ट्रीम का असर है। रविवार तक यह जमीन से 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर 176 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से बह रही थी, लेकिन पिछले 2 दिन से यह 222 किमी प्रतिघंटा तक पहुंच गई है। इसका असर भी एमपी में देखने को मिल रहा है।

### क्या होती है जेट स्ट्रीम?

मौसम एक्सपर्ट की मानें तो प्रदेश में ठंड बढ़ने की वजह खास वजह जेट स्ट्रीम भी है। यह जमीन से लगभग 12 किमी ऊंचाई पर चलने वाली तेज हवा है। इस बार रफ्तार 222 किमी प्रति घंटा तक पहुंच गई है। यह देश के उत्तरी हिस्से में सक्रिय है। पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवा के अलावा ये ऊंची हवा सर्दी बढ़ा रही है। उत्तर के मैदानी इलाकों से जब ठंडी हवा और पहाड़ी इलाकों से बर्फीली हवा हमारे यहां आती है, तब तेज ठंड पड़ती है।

# मनरेगा का नाम बदलने पर बिफरा विपक्ष

## बिल के विरोध में कांग्रेस का देशव्यापी प्रदर्शन आज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में विकसित भारत, रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) यानी जी-राम-जी विधेयक पेश करने का विपक्ष ने जोरदार विरोध किया। मनरेगा की जगह लाए गए बिल का कांग्रेस समेत अधिकतर विपक्षी दलों ने संसद के भीतर और बाहर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि इससे रोजगार का कानूनी अधिकार कमजोर होगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा में 90 प्रतिशत अनुदान केंद्र से आता था, जबकि नए विधेयक में कई राज्यों को केवल 60 प्रतिशत अनुदान मिलेगा, जिससे राज्यों की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी।

प्रियंका गांधी ने कहा कि काम के दिन 100 से बढ़ाकर 125 करने की बात तो की गई है, लेकिन मजदूरी बढ़ाने का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने विधेयक वापस लेने या संसदीय समिति को भेजने की मांग की। नाम बदलने पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि किसी की निजी महत्वाकांक्षा, सनक और पूर्वाग्रह के आधार पर विधेयक नहीं लाया जाना चाहिए।

**शशि थरूर ने सरकार को घेरा:** वीबी-जी राम-जी विधेयक का विरोध करते हुए कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को सरकार पर कटाक्ष किया। उन्होंने 1971 की एक मशहूर फिल्मी पंक्ति का हवाला देते हुए कहा, ह्यदेखो ओ दीवानों ये काम न करो, राम का नाम बदनाम न करो।ह्ण थरूर ने कहा कि यह विधेयक सिर्फ एक प्रशासनिक बदलाव नहीं है, बल्कि ग्रामीण रोजगार योजना की मूल भावना और उसके दार्शनिक आधार पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि मनरेगा की जगह लाया गया यह विधेयक देश के सबसे कमजोर वर्गों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता से पीछे हटने जैसा है।

**संसद परिसर में प्रदर्शन :** मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में विपक्षी सांसदों ने संसद भवन परिसर के मकर द्वार के पास प्रदर्शन किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि सरकार पूरी योजना को खत्म करना चाहती है और नाम बदलना सिर्फ बहाना है। प्रदर्शन के दौरान सांसदों ने गांधी के पोस्टर थामे रखे और महात्मा गांधी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारे लगाए।

# द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में परमवीर चक्र विजेताओं की दीर्घा का उद्घाटन किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को ह्यविजय दिवसह्व के अवसर पर वीर जवानों को सलाम किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ जीत दिलाने वाले नायकों को नमन।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि राष्ट्र उन भारतीय सशस्त्र बलों को गर्व और कृतज्ञता के साथ नमन करता है जिन्होंने 1971 के युद्ध में निर्णायक जीत दिलाई थी। उनके साथ सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, नौसेना स्टाफ के वाइस चीफ वाइस एडमिरल संजय वत्सयान और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

ब्रिटिश अधिकारियों के चित्र हटाए : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विजय दिवस के मौके पर राष्ट्रपति भवन में परमवीर दीर्घा का उद्घाटन किया। इस दीर्घा में 21 परमवीर चक्र विजेता सैनिकों के चित्र लगाए गए हैं। जिन गलियारों में यह परम वीर दीर्घा बनाई गई है, वहां पहले ब्रिटिश अधिकारियों के चित्र लगे होते थे।

इस मौके पर राष्ट्रपति ने परमवीर चक्र विजेताओं के परिजनों से मुलाकात भी की। इस दौरान दो परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र यादव और संजय कुमार मौजूद रहे।

## तेज आवाज के साथ एसी बस और कार में लगी आग के बाद बसें और कारें जलने लगीं

# झटके से नींद टूटी तो देखा मौत का मंजर...

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मथुरा/वृंदावन



यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह हादसे में घायल 42 यात्रियों को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। उपचार करा रही सवारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ज्यादातर यात्री सो रहे थे। बसों की टक्कर लगते ही जोर का धक्का लगा तो नींद टूटी। आंख खुलते ही दुर्घटना का मंजर देख चीख पुकार मचने लगी। बसों के अंदर से कराहने की आवाज सुनाई देने लगीं।

किसी के सिर में और किसी के पैर में चोट आई। बसों के दरवाजे लॉक हो चुके थे। खिड़कियों के जरिए यात्रियों ने अपनी जान बचाई। आलोक तिवारी पुत्र विद्यासागर निवासी नौवस्ता, कानपुर ने बताया कि वह दिल्ली जा रहे थे। जब हादसा हुआ तब उनके आगे दो बस थी, जिनमें भिड़ंत हो चुकी थी। वह तीसरी बस में थे। उनकी बस के पीछे आ रही चार बस टकरा गईं। सबसे आगे वाली बस में आग लगने के बाद पीछे की बसों में आग लगना शुरू हो गई। दुर्घटना में पैर टूट गया, कॉलर बोन टूट गई और मुंह पर आंख के पास भी चोट आई।

भूपेंद्र सिंह पुत्र ब्रजलाल निवासी गांव गुंडेला, हमीरपुर हादसे की जानकारी देते हुए सिहर गए। उन्होंने बताया कि वह ग्रेटर नोएडा के परी चौक इलाके में मजदूरी करते हैं। छुट्टियों के बाद वापस काम पर जा रहे थे। सुबह का समय था तो सो रहे थे। अचानक धक्का लगा और नींद टूटी। हादसे में उनके पैर और कमर में चोट आई है। मुशर्रफ अली खान पुत्र नजिरुद्दीन खान निवासी कानपुर दिल्ली में पीजीटीआई कंपनी में काम करते हैं। वीकेंड के बाद शताब्दी स्लीपर बस से दिल्ली जा रहे थे। उन्होंने बताया कि करीब 4.15 बजे जोरदार टक्कर की आवाज आई। उनकी बस के ड्राइवर वाला हिस्सा बुरी तरह दब गया। कुछ ही देर में बस जलना शुरू हो गई। इससे पहले वह बस से बाहर निकाल लिए गए। हादसे में पसली, पैर और सिर में चोट आई।

### प्रधानमंत्री मोदी बोले- यहां अपनापन लगा

# मोदी को इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान मिला: द ग्रेट ऑनर निशां पाने वाले पहले ग्लोबल लीडर बने

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इथियोपिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इथियोपिया ने मंगलवार को अपना सर्वोच्च सम्मान दिया। वे द्यद ग्रेट ऑनर निशां ऑफ इथियोपियाह्न पाने वाले पहले ग्लोबल लीडर बन गए हैं। इस मौके पर पीएम ने कहा कि ये सम्मान मेरे लिए गौरव की बात है। उनके इथियोपिया दौरे का आज दूसरा दिन है।

इससे पहले कल मोदी का इथियोपिया का नेशनल पैलेस में ढट अबी अहमद अली ने औपचारिक स्वागत किया, जहां दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की।

बैठक के दौरान मोदी ने कहा कि इथियोपिया आकर उन्हें बेहद खुशी महसूस हो रही है। पीएम ने कहा कि यह उनका पहला इथियोपिया दौरा है, लेकिन यहां पहुंचते ही अपनेपन का एहसास हुआ।

दोनों देशों ने अक में नए कार्यक्रम शुरू करने और छात्रवृत्ति को दोगुना करने का निर्णय लिया है होटल में पीएम के स्वागत के दौरान भारतीय मूल कीक बच्ची ने सांस्कृतिक नृत्य किया।

इथियोपिया के प्रधानमंत्री अहमद अली कल ढट मोदी को अदीस अबाबा एयरपोर्ट पर लेने पहुंचे थे। दोनों नेताओं ने एयरपोर्ट पर ही अनौपचारिक बातचीत की। इस दौरान ढट अहमद अली ने मोदी को पारंपरिक कॉफी भी पिलाई।

इसके बाद अहमद अली खुद कार चलाकर मोदी को होटल ले गए। उन्होंने रास्ते में मोदी को साइंस म्यूजियम और मैत्री पार्क भी दिखाया। यह ढट का पहला इथियोपिया दौरा है। वे यहां 2 दिन के राजकीय दौरे पर हैं।

इथियोपियाई प्रधानमंत्री अहमद अली ने मंगलवार को द्विपक्षीय बैठक के दौरान ढट मोदी की सोच की तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा यह बात कहते हैं कि अफ्रीका के साथ साझेदारी उसकी जरूरतों के हिसाब से होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज भारत और इथियोपिया के बीच नई और मजबूत साझेदारी की जरूरत है। अहमद अली ने कहा कि देश में विदेशी निवेश भी तेजी से बढ़ रहा है और इसमें भारत सबसे बड़ा निवेशक बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि इथियोपिया में 615 से ज्यादा भारतीय कंपनियां निवेश कर रही हैं।

बैठक में मोदी ने इथियोपिया के छात्रों के लिए स्कॉलरशिप दोगुना करने का ऐलान किया। साथ ही पहलगाम आतंकी हमले पर संवेदना और आतंकवाद के खिलाफ भारत का समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।



### इथियोपिया का दूसरा बड़ा ट्रेड पार्टनर भारत

भारत, इथियोपिया का दूसरा बड़ा ट्रेड पार्टनर है। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 5175 करोड़ रुपए का ट्रेड हुआ। इस दौरान भारत ने 4433 करोड़ रुपए और इथियोपिया ने 742 करोड़ रुपए का निर्यात किया।

इथियोपिया, भारत से लोहा, स्टील, मेडिसन और फार्मास्युटिकल्स, मशीनरी और उपकरण आयात करता है। वहीं भारत, इथियोपिया से दालें, कीमती पत्थर, सब्जियां और बीज, चमड़ा और मसाले आयात करता है। भारत और इथियोपिया के बीच व्यापारिक रिश्तों की शुरूआत 1940 के दशक में हुई थी। आजादी से पहले ही दोनों के बीच कारोबार शुरू हो गया था। 1950 में राजनयिक संबंध बनने के बाद

### मेक्सिको में इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान प्लेन क्रैश:7 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मेक्सिको

मेक्सिको में मंगलवार को इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान एक प्राइवेट जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और 3 लापता हैं।

हादसे का शिकार हुआ प्राइवेट प्लेन सोमवार को अकापुल्को से तोलुका एयरपोर्ट जा रहा था। इसी दौरान प्लेन में तकनीकी खराबी आ गई और इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान सैन मातेओ एटेंको इलाके में एक फैक्ट्री से टकरा गया। विमान ने एक फुटबॉल ग्राउंड पर लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन पास की एक फैक्ट्री की मेटल छत से टकरा गया, जिससे आग लग गई। आग बुझाने के लिए इलाके के करीब 130 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। शुरूआती रिपोर्ट्स में इंजन में खराबी होने की बात कही जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि प्लेन में 8 पैसेंजर्स और 2 क्रू मेंबर सवार थे। अब तक 7 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। अन्य तीन की तलाश जारी है।

## ऑस्ट्रेलिया में आतंकी हमला करने वाला साजिद भारतीय था

### 27 साल पहले देश छोड़ा, परिवार का दावा- ईसाई से शादी की तो नाता तोड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सिडनी



ऑस्ट्रेलिया में 14 दिसंबर को सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी लोगों पर हमला करने वाला आतंकी साजिद अकरम भारत का था। 50 साल का साजिद मूल रूप से तेलंगाना के हैदराबाद का रहने वाला था।

उसने हैदराबाद से बीकाम किया और स्टूडेंट वीजा पर नौकरी की तलाश में नवंबर 1998 में ऑस्ट्रेलिया चला गया। बाद में उसने यूरोपीय मूल की महिला वेनेरा ग्रोसो से शादी की और वहीं स्थायी रूप से बस गया।

साजिद के पास अब भी भारतीय पासपोर्ट था। साजिद के परिवार वालों ने 2 मीडिया हाउस से बताया है कि उन्होंने कई साल पहले ही साजिद से अपने सारे रिश्ते तोड़ लिए थे, क्योंकि उसने एक ईसाई महिला से शादी कर ली थी। साजिद का बेटा नवीद अकरम (24 वर्षीय) ऑस्ट्रेलियाई नागरिक हैं। साजिद की एक बेटी भी है। तेलंगाना पुलिस के मुताबिक पहले भारत में साजिद के खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। आतंकी हमले में 15 लोगों की मौत हुई है, वहीं 40 से ज्यादा लोग घायल हैं। आतंकी साजिद भी पुलिस की फायरिंग में मारा गया, जबकि उसका बेटा घायल है।

भारत में मौजूद साजिद के रिश्तेदारों के मुताबिक, पिछले 27 सालों में साजिद का परिवार से संपर्क बहुत कम रहा। वह ऑस्ट्रेलिया जाने के बाद छह बार भारत आया। इसके पीछे संपत्ति और बुजुर्ग माता-पिता से जुड़े पारिवारिक कारण थे।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक साजिद आखिरी बार 2022 में भारत आया था। बताया गया है कि वह अपने पिता के निधन के समय भी भारत नहीं आया। परिवार का कहना है कि उन्हें साजिद या नवीद के कट्टरपंथी विचारों या गतिविधियों की कोई जानकारी नहीं थी।

इससे पहले फिलीपींस के अधिकारियों के हवाले से बताया था कि साजिद अकरम अपने बेटे नवीद के साथ पिछले महीने 1 नवंबर को फिलीपींस गया था। इस दौरान साजिद ने इंडियन जबकि उसके बेटे ने ऑस्ट्रेलियन पासपोर्ट का इस्तेमाल किया था। वो लोग एक महीने से हमले की तैयारी कर रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक दोनों फिलीपींस के दावो शहर गए थे। दावो फिलीपींस के दक्षिण हिस्से में मिंडानाओ द्वीप पर है। मिंडानाओ में फिलीपींस की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी रहती है। यह इस्लामी उग्रवादी और विद्रोही संगठन का गढ़ माना जाता है। ये समुदाय अलग देश बनाने की मांग करते हैं।

### एपस्टीन सेक्स स्कैंडल फाइल्स खुलने में 2 दिन बाकी: ट्रम्प का नाम आया, दुनियाभर के नेता-बिजनेसमैन में डर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

ट्रम्प प्रशासन 19 दिवंबर को कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े दशकों पुराने सरकारी रिकॉर्ड सार्वजनिक कर सकता है। इस दौरान एपस्टीन केस से जुड़े सभी ईमेल, तस्वीरें और डॉक्यूमेंट्स पब्लिक होंगे। इसका मकसद एपस्टीन के पूरे नेटवर्क की सच्चाई सामने लाना है।

आरोप है कि इस नेटवर्क में नाबालिग लड़कियों का शोषण हुआ और दुनिया के कई बेहद ताकतवर लोग इससे जुड़े थे। इससे पहले इस केस से जुड़ीं 19 तस्वीरें 12 दिसंबर को पब्लिक हुई थीं। इसमें 3 तस्वीरें ट्रम्प की हैं। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, अरबपति बिल गेट्स जैसे बड़ी हस्तियों की तस्वीरें भी सार्वजनिक हुईं। अब एपस्टीन से जुड़े सभी रिकॉर्ड पब्लिक होने में सिर्फ 2 दिन बाकी हैं। ऐसे में अमेरिका ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में राजनीतिक और कारोबारी हलकों में हलचल तेज हो गई है। अब तक किसी भारतीय नागरिक या भारतीय नेता-उद्योगपति का नाम आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आया है। भारतीय नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने दावा किया है कि इसमें कुछ भारतीय मंत्री, पूर्व मंत्री और मौजूदा सांसदों के नाम सामने आ सकते हैं। हालांकि अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है। लेकिन एपस्टीन के संबंध अमेरिका के बाहर के देशों के नेताओं और बिजनेसमैन से भी बताए जाते हैं, इसलिए पूरी दुनिया की नजर इन फाइलों पर टिकी है।

### ट्रम्प ने 7 और देशों पर पूर्ण यात्रा प्रतिबंध लगाया; 15 देशों के इमिग्रेंट वीजा पर रोक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को सात और देशों पर पूरी तरह से यात्रा पाबंदी लगा दी हैं। इसके साथ ही फिलिस्तीनियों पर भी बैन लगा दिया है। साथ ही 15 दूसरे देशों पर प्रवेश प्रतिबंध (स्थायी निवास) लगाए गए हैं।

यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा, कमजोर जांच प्रणाली और वीजा ओवरस्टे की उच्च दरों का हवाला देकर उठाया गया है। इससे पहले 19 देशों पर पहले से ही यात्रा प्रतिबंध या प्रवेश सीमाएं लगाई गई थी। व्हाइट हाउस के फैक्ट-शीट के अनुसार, नए घोषणा में बुर्किना फासो, माली, नाइजर, साउथ सूडान और सीरिया पर पूरी यात्रा पाबंदी लगाई गई है। फिलिस्तीनियों पर भी पूरी रोक लगा दी गई है। इसके अलावा, पहले आंशिक प्रतिबंध वाले लाओस और सिएरा लियोन पर अब पूरी पाबंदी लगा दी गई है। ये नए प्रतिबंध और सीमाएं 1 जनवरी से लागू होंगे। इससे पहले गृह सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा था कि अमेरिकी प्रशासन वर्तमान यात्रा प्रतिबंध को 19 से बढ़ाकर 30 से अधिक देशों तक विस्तार करने की योजना बना रहा है। उस समय उन्होंने सटीक संख्या या देशों के नाम नहीं बताए थे। अमेरिका पहले से ही 12 देशों (अफगानिस्तान, बर्मा, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन) पर पूरी यात्रा पाबंदी लगा चुका है। नई घोषणा में 15 नए देशों (अंगोला, एंटीगुआ एंड बारबुडा, बेनिन, कोट डी'आइवोर (आइवरी कोस्ट), डोमिनिका, गैबॉन, गाम्बिया, मलावी, मॉरिटानिया, नाइजीरिया, सेनेगल, तंजानिया, टोंगा, जाम्बिया और जिम्बाब्वे) पर आंशिक प्रवेश प्रतिबंध लगाए गए हैं। बुरुंडी, क्यूबा, टोगो और वेनेजुएला पर आंशिक प्रतिबंध पहले की तरह जारी रहेंगे। तुर्कमेनिस्तान एकमात्र देश है जहां नॉन-इमिग्रेंट वीजा पर प्रतिबंध हटा लिया गया है, हालांकि इमिग्रेंट वीजा पर रोक बरकरार है। घोषणा में कानूनी स्थायी निवासियों, मौजूदा वीजा धारकों, राजनयिकों, एथलीटों और अमेरिकी राष्ट्रीय हित में प्रवेश करने वालों को छूट दी गई है, साथ ही मामले-दर-मामले छूट का प्रावधान भी रखा गया है, लेकिन परिवार आधारित इमिग्रेंट वीजा की छूट को धोखाधड़ी के जोखिम के कारण सीमित कर दिया गया है।

### भारत ने यूएन में पाकिस्तान को फटकार लगाई

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत हरिश पर्वतनेनी ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान की अंदरूनी राजनीति में जो उथल-पुथल चल रही है, उसका सीधा रिश्ता उसके सीमा-पार आतंकवाद से है। राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल में डाल दिया गया, उनकी पार्टी पर रोक लगा दी गई, और 27वें संशोधन के जरिए सेना ने संविधान को अपने हिसाब से मोड़ दिया।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |


## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. साले की पत्नी-4
3. उच्च कुल का-3
5. पाताल-4
8. व्यंग्य, चुटीली बात-2
10. दुख, कष्ट-2
11. शराब का प्याला-2
13. सत्य, तेज-2
14. जुड़वा-3
15. विश्राम, राहत-3
17. मक्का-मदीना की यात्रा-2
19. झुका हुआ-2
21. होठ, अधर-2
23. सुरक्षित-4
25. नाश, विनाश, विध्वंस-3
26. निश्चित-4

**ऊपर से नीचे**
1. नदी-3
2. संपत्ति, धन-2
3. वंश, खानदान-2
4. उत्तमता, परिष्कृतता-4
6. समुद्र, दरिया-3
7. अंधकार-2
9. जो जायज न हो-4
12. संस्कृत में 'मेरा'-2
13. सपाट-4
16. जांघ-2
17. पैंगबर, महापुरुष-4
18. रनिवास (उर्दू-3)
20. हुनर, फन-2
22. देह, काया-3
23. गलत का विलोम-2
24. निश्चित-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 59 / 16 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | यु | क | वि |
| दी | श्री | सू | ह | क्का | ल | जी | दि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | ना | ल | क | वा | हा | ह | व | म |
| दा | ज | न | प | व | म | है | डी. | स्म | री | वें |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| वे | ह | सु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | व | ला | ज | र | सी | डी. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| मि | ल | च | त्त | र | ट | क | वें | न | गां | थ |
| या | र | म | न | लां | वा | इ | र | म्हे | ह | धी |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

# सचिन तेंदुलकर ने लियोनल मेसी को वर्ल्डकप जर्सी गिफ्ट कीः फुटबॉलर ने मुंबई में तिरंगा थामा




**अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी भारत में 3 दिन के 'GOAT इंडिया' टूर पर हैं। दौरे के दूसरे दिन उन्होंने मुंबई में क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर से मुलाकात की। सचिन ने वानखेड़े स्टेडियम में उन्हें अपना नाम लिखी हुई टीम इंडिया की वर्ल्ड कप जर्सी गिफ्ट की। मेसी शाम करीब 5.30 बजे वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे। यहां उन्होंने साथी खिलाड़ी लुईस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल के साथ अर्जेंटीना और भारत का झंडा भी थामा। साथ ही मेसी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और बॉलीवुड के सितारों से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ फुटबॉल खेला और दर्शकों में फुटबॉल भी फेंकी।**



मेसी ने छेत्री को जर्सी गिफ्ट की मेसी ने मुंबई में सुआरेज और डी पॉल के साथ पैडल इवेंट में हिस्सा लिया। वानखेड़े स्टेडियम में दोपहर से ही दर्शकों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। शाम करीब 5.30 बजे भारत के दिग्गज फुटबॉलर सुनील छेत्री वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे। यहां उन्होंने इंडियन स्टार्स और मित्र स्टार्स टीम के साथ फ्रेंडली मैच खेला। बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ भी मैच खेलते नजर आए। मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा।



शाम करीब 6 बजे सचिन तेंदुलकर और मेसी वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे। मेसी यहां छेत्री से मिले और उन्हें मोमेंटो और जर्सी भी गिफ्ट की। कुछ देर बाद मेसी ने पेनल्टी शूटआउट में हिस्सा लिया। इस दौरान फैंस ने बार्का (मेसी के पिछले क्लब बार्सिलोना) के नारे लगाए।

शूटआउट के बाद मेसी ने मैदान का चक्कर लगाया और दर्शकों में फुटबॉल फेंकी। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ फुटबॉल भी खेला। आखिर में मेसी ने महाराष्ट्र के उट देवेंद्र फडणवीस, बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और एक्ट्रेस करीना कपूर से भी मुलाकात की। इस दौरान सचिन ने मेसी को अपनी 2011 वनडे वर्ल्ड कप की जर्सी गिफ्ट की।



### हैदराबाद में राहुल गांधी से मिले थे

एक दिन पहले मेसी ने हैदराबाद में बच्चों के साथ फुटबॉल खेला था। यहां वे सीएम रेवंत रेड्डी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से भी मिले थे। उन्होंने कोलकाता में अपने 70 फीट ऊंचे स्टैच्यू का वर्चुअल उद्घाटन भी किया। मेसी के सॉल्ट लेक स्टेडियम से जल्दी निकले से नाराज फैंस ने तोड़फोड़ भी कर दी थी। मेसी के साथ रोड्रिगो डी पॉल और लुईस सुआरेज भी हैं।

### इंडिया टूर के पहले दिन मेसी ने क्या-क्या किया:शाहरुख से मिले, कोलकाता से जल्दी निकले तो भगदड़ मची



फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेसी 14 साल बाद भारत आए हैं। वे शनिवार को कोलकाता पहुंचे, वहां अपनी 70 फीट ऊंची मूर्ति का उद्घाटन करने के बाद हैदराबाद के लिए निकल गए। हालांकि, कोलकाता से जल्दी निकल जाने के कारण गुस्साए फैंस ने स्टेडियम में हंगामा करना शुरू कर दिया।

मेसी शनिवार शाम को ही हैदराबाद भी पहुंच गए। वहां उन्होंने तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ फुटबॉल भी खेला।

### मेसी ने हैदराबाद में बच्चों के साथ फुटबॉल खेला

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी 3 दिन के इंडिया टूर पर हैं। उन्होंने शनिवार को कोलकाता में अपनी 70 फीट ऊंची मूर्ती का उद्घाटन किया। फिर देर शाम हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में उट रेवंत रेड्डी और बच्चों के साथ फुटबॉल खेला।

मेसी दोपहर 2 बजे कोलकाता से निकले और शाम करीब 5 बजे हैदराबाद पहुंचे। वे रात 8 बजे उप्पल स्टेडियम पहुंचे। यहां साथी खिलाड़ी रोड्रिगो डी पॉल और लुईस सुआरेज के साथ मिलकर उन्होंने दर्शकों की ओर फुटबॉल फेंकी। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी मेसी से मिले। शाहरुख खान से भी मिले मेसी शनिवार देर रात करीब 2.30 बजे कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचे थे। सुबह 11 बजे मेसी ने कोलकाता में अपने 70 फीट ऊंचे स्टैच्यू का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस दौरान बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान भी मौजूद रहे। सॉल्ट लेक स्टेडियम में वे करीब 1 घंटा रुकने वाले थे, लेकिन 22 मिनट बाद ही वहां से निकल गए। इससे गुस्साए फैंस ने स्टेडियम में कुर्सियां फेंककर तोड़फोड़ शुरू कर दी।

## मेसी के टूर ऑर्गनाइजर को जमानत नहीं: 14 दिन की कस्टडी में भेजा



अर्जेंटीना के फुटबॉल आइकन लियोनेल मेसी के इंडिया टूर के ऑर्गनाइजर सताद्रु दत्ता को जमानत नहीं मिली है। बिधाननगर कोर्ट ने मेसी के GOAT इंडिया टूर 2025 के प्रमोटर और आयोजक सताद्रु दत्ता को 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। सताद्रु पर इवेंट में मिसमैनेजमेंट के आरोप हैं। पब्लिक प्रॉसिक्यूटर ने कोर्ट में कस्टडी की मांग करते हुए कुछ कॉन्स्टेबलों को चोट लगने और मेसी के मैदान में आने पर भीड़ को मैनेज करने में हुई दिक्कतों का हवाला दिया था।

दरअसल, 13 दिसंबर को स्टेडियम से मेसी के जल्दी निकल जाने के बाद फैंस भड़क गए। दूर-दूर से आने और टिकटों के लिए भारी रकम चुकाने के बावजूद वे अपने सुपरस्टार की एक झलक भी नहीं देख पाए। फैंस ने स्टेडियम में जमकर तोड़-फोड़ की। दत्ता को बिधाननगर पुलिस ने शनिवार को कोलकाता एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। सताद्रु मेसी और उनके साथियों को हैदराबाद के लिए छोड़ने गए थे।



### बंगाल के गवर्नर सॉल्ट लेक स्टेडियम पहुंचे

मेसी के इवेंट के दौरान हुए हंगामे के एक दिन बाद, पश्चिम बंगाल के गवर्नर सी वी आनंद बोस ने रविवार को मौके पर जाकर जायजा लिया। शनिवार को मेसी के इवेंट में हंगामे और भीड़ की गड़बड़ी के बाद बोस को सॉल्ट लेक स्टेडियम में एंट्री नहीं दी गई थी। उनके पहुंचने पर गेट बंद थे और स्टेडियम की लाइटें बंद थीं।

गवर्नर ने आरोप लगाया था कि यह कदम उनकी एंट्री रोकने के लिए था। उन्होंने इस पर डिटेल में जवाब मांगा था। बोस ने पहले सॉल्ट लेक स्टेडियम में हुई घटना को कोलकाता के खेल प्रेमी लोगों के लिए काला दिन बताया था। उन्होंने राज्य सरकार को इवेंट ऑर्गनाइजर को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। उन्हें हंगामे के लिए पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया था। कोलकाता पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि आयोजकों ने स्टेडियम परिसर के अंदर पानी की बॉटल और कोल्ड ड्रिंक्स ले जाने की अनुमति कैसे दी जो ऐसे आयोजनों के दौरान प्रतिबंधित चीजें हैं।

जांच समिति के सदस्यों ने रविवार को वेन्यू का दौरा किया और नुकसान का जायजा लिया। तीन सदस्यों की टीम ने स्टेडियम के ऑन-ग्राउंड निरीक्षण के दौरान टूटी हुई प्लास्टिक कुर्सियों, मुड़े हुए मेटल बैरिकेड्स और बिखरी हुई गैलरी की जांच की। यह स्टेडियम भारत के सबसे बड़े फुटबॉल मैदानों में से एक है। कलकत्ता हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस असीम कुमार रे की अगुवाई में टीम ने उस जगह से जांच शुरू की, जहां से मेसी ने एंट्री की थी। पैनल को नुकसान का आकलन करने और अराजकता की वजह बनने वाली घटनाओं के क्रम को फिर से बनाने की अनुमति देने के लिए सफाई और मरम्मत रोक दी गई थी।

■ वर्ष-12 अंक-45 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 17 दिसम्बर, 2025

### सुभाषितानि

नास्ति सत्यसमो धर्मो न सत्याद्विद्यते परम्।
न हि तीव्रतरं किञ्चिदनृतादिह विद्यते॥

**भावार्थ** : सत्य जैसा अन्य धर्म नहीं। सत्य से पर कुछ नहीं। असत्य से ज्यादा तीव्रतर कुछ नहीं।

सत्यमेव व्रतं यस्य दया दीनेषु सर्वदा।
कामक्रोधौ वशे यस्य स साधुः इ्र कथ्यते बुधैः॥

**भावार्थ** : 'केवल सत्य' ऐसा जिसका व्रत है, जो सदा दीन की सेवा करता है, काम-क्रोध जिसके वश में है, उसी को ज्ञानी लोग 'साधु' कहते हैं।

## सम्पादकीयम्

### सम्बन्धाः पुनः पटले

इराणस्य चबहर-बन्दरगाहस्य अमेरिकी-प्रतिबन्धेभ्यः भारतस्य छूटः महती राहतम् अस्ति। यदि अपि केवलं ६ मासानां कृते अस्ति, परन्तु वार्ताद्वारा द्वयोः देशयोः किञ्चित् मार्गं अग्रे गन्तुं शक्नोति। एषा वार्ता भारत-अमेरिका-सम्बन्धेषु सुधारं सूचयति। सामरिक महत्त्वम्ः प्रथमकार्यकाले ट्रम्पः भारतीयकम्पनीभ्यः २०१८ तमे वर्षे चबहरस्य विकासाय अनुमतिं दत्तवान् आसीत्। किन्तु, यथा एव सः द्वितीयवारं सत्तां कल्पयति स्म, तदा एव सः एतत् मुक्तिं निरसयितुं कार्यकारीआदेशं हस्ताक्षरितवान्। तस्य आदेशः सितम्बं २९ तः प्रवर्तते भारतस्य कृते चबहरः केवलं व्यापारदृष्ट्या महत्त्वपूर्णः नास्ति, यत्र तया अरब-अरब-रूप्यकाणां निवेशः कृतः तस्य सामरिक-महत्त्वम् अपि अस्ति `चीनस्य उत्तरम्ः चबहरः चीन-पाकिस्तान-योः उत्तरम् युगपत् अस्ति। चीनदेशः पाकिस्तानस्य ग्वादार-बन्दरं स्वस्य महत्त्वाकांक्षिणः ब्रि-प्रकल्पस्य अन्तर्गतं विकसयति। चबहरः नवीदिल्लीं अफगानिस्तान-मध्य-एशिया-देशयोः प्रवेशस्य नूतनमार्गं ददाति, तदपि पाकिस्तान-देशं न गत्वा। भारत, रूस, इरान च संयुक्तरूपेण अन्तर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण-परिवहन-गलियारेण सह संयुक्तरूपेण योजनां कृतवन्तः आसन् तथा च चबाहरः तस्य महत्वपूर्णः भागः अस्ति। वातानां प्रभावः एकमासस्य अन्तः अमेरिकन-वृत्तेः परिवर्तनेन ज्ञायते यत् नूतन-दिल्ली-वाशिङ्गटनयोः मध्ये वार्ता सम्यक दिशि गच्छति महत्वपूर्णं यत् अस्य छूटस्य घोषणायाः।

### मेस्सी इत्यस्य परितः केवलं राजनेतारः

## वीआईपी-जनाः च सन्ति सामान्यदर्शकाः तु दूरं उपविष्टाः




ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता

सामाजिकमाध्यमेषु दृश्यमानेषु भिडियासु तंबूनां, गोलस्तम्भानां च क्षतिः दृश्यते स्म। यथा यथा स्थितिः वर्धते स्म तथा तथा पुलिसैः हस्तक्षेपः कृतः, जनसमूहस्य नियन्त्रणार्थं बलस्य उपयोगः च कृतः। पुलिस-उपस्थितिः स्थितिं शान्तं कर्तुं समर्था अभवत्, परन्तु तावत्पर्यन्तं आयोजनस्य प्रतिबिम्बं भृशं क्षतिग्रस्तं जातम् आसीत्।

प्रशंसकानां अप्रसन्नतायाः बृहत्तमानि कारणानि टिकटमूल्यानि, भग्नाः अपेक्षाः च आसन्। दार्जिलिंग-नगरस्य एका महिला-प्रशंसिका मीडिया-माध्यमेभ्यः अवदत् यत् सा १२,००० रुप्यकाणां टिकटं क्रीतवती, परन्तु एतदपि सा मेस्सी-मुखं अपि न दृष्टवती सा अवदत् यत मेस्सी इत्यस्य परितः केवलं राजनेतारः वीआईपी-जनाः च सन्ति, सामान्यदर्शकाः तु दूरं उपविष्टाः एव तिष्ठन्ति। सा प्रश्नं कृतवती यत् यदि प्रशंसकानां कृते किमपि न दर्शनीयं तर्हि एतादृशानां महत टिकटानां विक्रयणस्य किं प्रयोजनम् इति।

अन्ये प्रशंसकाः अपि एतादृशीम् एव दुःखं प्रकटितवन्तः। एकः युवकः अवदत् यत् एतत् विनाशकारी घटना अस्ति। मेस्सी केवलं कतिपयानि निमेषाणि यावत् प्रकटितः, सर्वतः परितः च आसीत्। सः अवदत् यत् मेस्सी किञ्चित् फुटबॉल-क्रियाम् दर्शयिष्यति, शाहरुखखानः अपि उपस्थितः भविष्यति इति प्रतिज्ञा कृता, परन्तु किमपि न अभवत्। एतावत् धनं, समयं, भावः च निवेश्य रिक्तहस्तः पुनरागमनं अतीव दुःखदम् इति अपि सः अवदत्।

एषा समग्रघटना आयोजनस्य सज्जतायाः विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्पन्नाः सन्ति। क्रीडाकार्यक्रमेषु प्रेक्षकाणां कृते तारकक्रीडकानां उपस्थितिः प्रमुखं आकर्षणं भवति, परन्तु यदा तत् आकर्षणं अराजकतायाः कारणेन नष्टं भवति तदा क्रोधः स्वाभाविकः भवति। एतादृशं महत् नाम सम्मिलितं आयोजनं कृते सुरक्षा, प्रोटोकॉल च अत्यावश्यकाः इति विशेषज्ञाः वदन्ति, परन्तु तस्य अर्थः एषः नास्ति यत् सामान्यजनाः पूर्णतया उपेक्षिताम् अनुभवितव्याः इति।

मेस्सी-सदृशस्य क्रीडकस्य भारत-भ्रमणं ऐतिहासिकं मन्यते स्म। भारते विशेषतया पश्चिमबङ्ग-केरल-आदिषु राज्येषु पादकन्दुक-प्रशंसकानां विशालः भावुकः च आधारः अस्ति। भारतीयप्रशंसकानां कृते एषः कार्यक्रमः उत्सवः भवितुम् अर्हति स्म। परन्तु अव्यवस्था, दुर्सञ्चारः, अपूर्णनियोजनं च तत् उत्सवं विवादरूपेण परिणमयितवान्। अधुना प्रशंसकाः आयोजकानाम् किमपि प्रतिक्रियां प्राप्नुयुः वा क्षतिपूर्तिं वा प्राप्नुयुः इति प्रश्नाः उत्थापिताः सन्ति।

### बिहारे विद्युत्बिलानां

## ऑनलाइन-भुगतानं स्मार्ट-मीर्ट-मध्ये छूटं, प्रीपेड-शेषं च

ब्रह्मास्त्र ›› पटना

बिहारस्य ऊर्जाविभागेन सर्वेभ्यः विद्युत् उपभोक्तृभ्यः आह्वानं कृतम् यत् ते न केवलं समये एव स्वस्य विद्युत्बिलस्य भुक्तिं कृत्वा स्वदायित्वं निर्वहन्तु, अपितु आर्थिकरूपेण अपि लाभं प्राप्नुयुः। नियमितग्राहकानाम् कृते विविधाः छूटाः, रियायताः च प्रदत्ताः सन्ति, येन मासिकव्ययस्य विद्युत्-उपभोगस्य च सन्तुलनं स्थापयितुं सुकरं भवति। इदानीं विभागेन उपभोक्तृभ्यः समये भुक्तिं कर्तुं विशेषलाभान् प्रदातुं कार्यक्रमः विकसितः अस्ति।

(१) स्मार्टमीट कृते ऊजार्शुल्के प्रति यूनिटं २५ पैसे अतिरिक्तं छूटम्।

(2) भारतस्य रिजर्वबैङ्केन स्मार्टमीट मध्ये 2,000 अधिकं शेषं त्रयः मासाः यावत् क्रमशः स्थापयितुं निर्धारितस्य बैंकदरेण व्याजम्।

(३) समये विद्युत्बिलस्य भुक्तिं कर्तुं १.५% छूटः। समये ऑनलाइन-देयतायां अतिरिक्तं १% छूटम्।

(4) ग्रामीण उपभोक्तृभिः एकचतुर्थांशस्य कृते सर्वेषां विद्युत्बिलानां समये भुक्तिं कर्तुं अतिरिक्तं 1% छूटः। यद्यपि मोबाईल एप् मार्गेण भुक्तिः अपि सुलभः विकल्पः अस्ति तथापि तस्य वर्णनमपि कृतम् अस्ति। अस्मिन् विषये स्मार्ट-प्रीपेड-मीर्ट-उपभोक्तृणां कृते मोबाईल-एप्-माध्यमेन बिल-भुगतानं सर्वाधिकं सुलभं द्रुततमं च विकल्पम् अस्ति। 'सुविधा एप्' इत्यस्य माध्यमेन उपभोक्तारः स्वगृहस्य आरामात् पुनः चार्जस्य, विद्युत्-उपभोगस्य, संतुलनस्य च सूचनां प्राप्तुं शक्नुवन्ति। बिहारराज्यविद्युत्विभागेन उपभोक्तृभ्यः आह्वानं कृतम् यत् ते स्मार्टमीट स्वीकर्तुं, समये बिलानां भुक्तिं कृत्वा निर्बाधविद्युत्प्रदायस्य लाभं लभन्तु।

## इदानीं धोखाधड़ीपूर्णराजनैतिकदानेन तथाकथितदानेन च अनुचितकरमुक्तिं

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

आयकरविभागेन करव्यवस्थां पारदर्शकं इमान्दारं च कर्तुं प्रमुखं कदमम् अङ्गीकृतम् अस्ति। इदानीं धोखाधड़ीपूर्णराजनैतिकदानेन तथाकथितदानेन च अनुचितकरमुक्तिं प्राप्यमाणानां विरुद्धं प्रत्यक्षकार्याणि कर्तुं सज्जता आरब्धा अस्ति। वित्तमन्त्रालयेन शनिवासरे घोषितं यत् आयकरविभागेन तेभ्यः करदातृभ्यः एसएमएस-ईमेलद्वारा अलर्ट् प्रेषयितुं आरब्धम्, ये अमान्यराजनैतिकदलानां अथवा संदिग्धदानसंस्थानां नामधेयेन करकर्तनस्य मिथ्यादावान् कृतवन्तः। एषा उपक्रमः न केवलं चेतावनी अपितु आगमिष्यमाणानां कठोरतरपरिहारानाम् संकेतः अपि अस्ति। केन्द्रीयप्रत्यक्षकरमण्डलेन स्वविश्लेषणे ज्ञातं यत् अन्तिमेषु वर्षेषु महत्त्वपूर्णसङ्ख्यायां करदातृभिः पञ्जीकृतानां अमान्यराजनैतिकदलानां, आरयूपीपी इति नाम्ना प्रसिद्धानां, अथवा कतिपयानां दानसंस्थानां।

## राशिफल

**मेष** : दफ्तर में आपकी बातों को महत्व मिलेगा, बस बोलते समय थोड़ा नरमी रखें। किसी करीबी से छोटी सी बहस हो सकती है।

**वृषभ** : खर्चों पर कंट्रोल रखना जरूरी है, वरना बाद में अफसोस होगा। काम धीरे-धीरे, लेकिन सही दिशा में आगे बढ़ेगा।

**मिथुन** : आगे बढ़ाना फायदेमंद रहेगा। रिश्तों में थोड़ा धैर्य रखें। किसी करीबी को आपकी बात समझने में थोड़ा वक्त लग सकता है।

**कर्क** : काम और निजी दोनों मामलों में धीरे-धीरे सुधार दिखेगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

**सिंह** : रिश्तों में भरोसा बनाने की जरूरत है। जितना आप खुलकर बात करेंगे, चीजें उतनी ही आसान होंगी।

**कन्या** : मन शांत रहेगा और आप अपने काम पर पूरी तरह फोकस कर पाएंगे। लव लाइफ में पार्टनर संग समझ बढ़ेगी।

**तुला** : सेहत को लेकर थोड़ा सजग रहें। आर्थिक तौर पर कोई छोटी अच्छी खबर मिल सकती है। दिन शांत लेकिन सकारात्मक रहेगा।

**वृश्चिक** : आज जीवन में संतुलित रहेगा। परिवार के लोगों के साथ अच्छा समय बीतने वाला है। अगर थकान हो तो आराम जरूर करें।

**धनु** : किसी पुराने प्लान पर दोबारा काम शुरू करने का मौका मिलेगा। रिश्तों में भी सुधार दिखेगा।

**मकर** : काम में भी छोटी सफलता मिलेगी जो आगे चलकर बड़ा फायदा देगी। शाम तक मूड काफी हल्का हो जाएगा।

**कुंभ** : मन में जो भी नया विचार आए, उसे नोट कर लें। आगे चलकर काम आएगा। वहीं इस वक्त थकान भी हो सकती है।

**मीन** : दिल की बात कहनी है तो आज सही दिन है। शाम का समय बिल्कुल शांत और सुकून भरा रहेगा।

### ज्योतिष/वास्तु

# शुक्र के गोचर से इन राशियों को होगा धन लाभ, 2026 में भी होगी बल्ले-बल्ले

ज्योतिषियों के मुताबिक, साल 2026 के प्रारंभ में कुछ राशियों पर शुक्र का शुभ असर रहेगा, जिस कारण इन्हें लाभ की प्राप्ति संभव है। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

कुछ दिनों में नया साल प्रारंभ होने वाला है। यह वर्ष सभी के लिए नई उम्मीदें और अवसरों से भरा है। हालांकि, कुछ राशि वालों के लिए यह अवधि कल्याणकारी रहेगी, जिससे नौकरी, करियर, शिक्षा और बिजनेस में अच्छा परिणाम मिलेगा। दरअसल, साल 2025 के समाप्त होने से पहले शुक्र राशि परिवर्तन करेंगे। वह 20 दिसंबर 2025 की सुबह 07 बजकर 31 मिनट पर धनु राशि में गोचर करेंगे। उनके यहां आते ही कुछ राशियों का भाग्योदय हो सकता है। इन जातकों को कला के क्षेत्र में नई पहचान से लेकर आकर्षण में वृद्धि देखने को मिल सकती है। इसके साथ ही साल 2026 के प्रारंभ में भी



इन राशियों पर शुक्र का शुभ असर रहेगा, जिस कारण इन्हें लाभ की प्राप्ति संभव है। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**सिंह राशि-** शुक्र का राशि परिवर्तन सिंह राशि वालों के लिए शुभ रहने वाला है। शुक्र का शुभ प्रभाव नए साल में भी आप पर बना रहेगा। इस समय व्यापार में भी नए परिवर्तन देखने को मिलेंगे। शुक्र की कृपा से व्यापार में भी अच्छा खासा मुनाफा मिलने की संभावनाएं है। अध्यात्म और मानसिक विकास की ओर आपकी रुचि अधिक रहेगी। कला के क्षेत्र में आगे आएंगे और आपको नए मौके हासिल होंगे। सिंह राशि के जो जातक नौकरी बदलने का विचार कर रहे हैं, उनकी यह कामना पूर्ण होगी। घर में वातावरण सुखद रहेगा। कार्य में फोकस बढ़ेगा, जिससे रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों के लिए समय खास रहेगा। कला, नौकरी, धन और कारोबार में शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। आपकी वाहन या मकान खरीदने की इच्छा पूरी होगी और निवेश के लिए भी समय अनुकूल रहेगा। वैवाहिक जीवन सुखमय होगा और रोमांस के अवसर मिलेंगे। सामाजिक पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। हालांकि, शुक्र के प्रभाव से नवदंपति के जीवन में खुशियां आएंगी। आपको पार्टनर के साथ अच्छे पल बिताने के अवसर मिलेंगे। सरकारी नौकरी करने वालों का वेतन बढ़ सकता है। हालांकि, घर में आप कोई वाहन भी लेकर आएंगे। करियर में तरक्की और वेतन वृद्धि के योग बन रहे हैं।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों को करियर के क्षेत्र में लंबे समय से चले आ रहे दबाव से मुक्ति मिलेगी। सेहत से जुड़ी परेशानियां अब कम हो सकती हैं। धर्म और आध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ेगी। नौकरी के अवसर मिलेंगे। नए साल में आपका समाज में मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होने की संभावना है। समय सफलता से भरा हुआ साबित हो सकता है। मकर राशि के जातकों के लिए वित्तीय स्थिरता, करियर में उन्नति और वैवाहिक सुख की प्राप्ति होगी। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। घर-परिवार के साथ सुखद समय बीतेगा।

## खबर एक नजर...

### रामघाट पर रात में चाकू लेकर घूम रहा था बदमाश

**उज्जैन।** रामघाट पर सोमवार-मंगलवार रात 1 बजे बदमाश चाकू लेकर घूम रहा था। रात्रि गश्त कर रही महाकाल पुलिस को सूचना मिली तो क्षिप्रा किनारे पहुंची। बदमाश की तलाश शुरू की गई। बदमाश पुलिस को देख गणगौर दरवाजा की ओर भाग निकला था। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। प्रधान आरक्षक रत्नेश श्रीवास्तव ने बदमाश की तलाशी ली तो उसकी कमर में पेंट के अंदर रखा धारदार चाकू बरामद हो गया। पूछताछ में बदमाश का नाम रिजवान शाह निवासी बेगमबाग होना सामने आया। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि बदमाश के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। विदित हो कि क्षिप्रा नदी रामघाट पर हजारों श्रद्धालु आस्था का नहान करने दिन-रात पहुंचते है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ बदमाशों द्वारा सामान चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जाता है। चाकू के साथ गिरफ्त में आया बदमाश भी श्रद्धालुओं के साथ वारदात की फिराक में रामघाट पर घूम रहा था।

### जीजा पर जानलेवा हमला करने वाला साला पकड़ाया

**उज्जैन।** छोटी मायापुरी में 10-11 दिसंबर की रात बहन को लेने आये जीजा धर्मेन्द्र गेहलोत पर चाकू से रिश्ते में लगने वाले साले रोहित गोस्वामी ने जानलेवा हमला कर दिया था। धर्मेन्द्र को गंभीर हालत में पत्नी शिवानी और ससुराल वाले अस्पताल लेकर पहुंचे थे। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामले में जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया था। 5 दिनों की तलाश के बाद पुलिस ने चाकू मारने वाले रोहित गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उससे हमले में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया है। एसआई आनंद सोनी ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। घायल धर्मेन्द्र का उपचार अब भी जारी है। जानलेवा हमले के बाद पुलिस जांच में सामने आया था कि धर्मेन्द्र ने शिवानी से कुछ माह पहले प्रेम विवाह किया था और पंवासा में निवास करने लगा था। शिवानी का परिवार दोनों के विवाह पर राजी हो गया था। घटनावाले दिन शिवानी अपने माता-पिता के घर आई थी। उसे लेने रात में धर्मेन्द्र पहुंचा था। चाकू मारने वाला रोहित शिवानी के मामा का लड़का है, वह अपनी ही बहन से एकतरफा प्यार करता था, रोहित शिवानी के प्रेम विवाह प्रेम विवाह से नाराजा था। इसी के चलते उसने जीजा की हत्या का प्रयास किया है।

### 8 बदमाशों को 6 माह के लिये किया गया जिलाबदर

**उज्जैन।** कानून व्यवस्था को बनाये रखने के साथ आमजन की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार अपराधिक गतिविधियों में शामिल 8 बदमाशों को 6 माह के लिये जिले की राजस्व सीमा से बाहर रहने के आदेश जारी किये है। जिलाबदर किये गये बदमाशों में निलेश उर्फ नीलू संगत पिता लक्ष्मीनारायण निवासी वाल्मीकि कॉलोनी, हर्षद उर्फ बंटी कल्याणी पिता दिनेश निवासी महानंदा नगर, सावन, पिता सुनील उर्फ पप्पा लोट निवासी दिल्ली दरवाजा भैरवगढ़, सागर पिता जगदीश लश्करी धोबी मोहल्ला, निकास चौराहा, मेहरबान, पिता बापू बागरी निवासी मियाखेड़ी थाना नरवर, माखन सिंह पिता उदयसिंह राजपूत निवासी मोचीखेड़ा महिदपुर, यश उर्फ बारीक पिता राकेश राजोरिया निवासी प्रकाश नगर नागदा और सुमित उर्फ टारजन पिता शोभाराम दायमा निवासी ग्राम मिंडक्या शामिल है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि जनसुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा निर्णायक कार्रवाई की गई है। जिले में अपराध नियंत्रण, भयमुक्त वातावरण और नागरिकों के जीवन व संपत्ति की सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास कर रही है। आदेश के बाद जिलाबदर बदमाश जिले की सीमा में मिले तो उनके खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की कार्रवाई की जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 599-3 | 569-0 |
| मेन बाजार | 223-7 | 135-9 |
| मिलन डे | 110-2 | 450-9 |
| मिलन नाइट | 689-3 | 190-0 |

6 8 0

### खाचरौद में मासूम की हत्या करने वाले दरिंदे ने किया भागने का प्रयास

# घटनास्थल तक लंगड़ता हुआ चला, 2 दिन की रिमांड पर पूछताछ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

हैवानियत में नाकाम मासूम की नृसंश हत्या करने वाले दरिंदे ने मंगलवार को पुलिस वाहन से कूदकर भागने का प्रयास किया, उसका एक पैर टूट गया। पुलिस उसे लंगड़ाती हालत में घटनास्थत तक तस्दीक के लिये लेकर पहुंची। जहां से कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया है।

खाचरौद के जूना शहर काजी गली से कक्षा दूसरी में अध्ययन करने वाली 9 वर्षीय बालिका को 13 दिसंबर की शाम लहूलुहान हालत में रतलाम मेडिकल कॉलेज उपचार के लिये भेजा गया था। बालिका की रविवार-सोमवार रात मौत हो गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने पता चला था कि छत से गिरने पर बालिका घायल हुई थी। लेकिन डॉक्टरी रिपोर्ट से खुलासा हुआ था कि बालिका के सिर और चेहरे पर किसी ठोस वजनी वस्तु से वार किया गया है। पुलिस ने तत्काल मामले की जांच को गति देते हुए बालिका को अस्पताल लेकर जाने वाले और छत से गिरने की घटना बताने वाले पड़ोसी रियाज पिता शब्बीर खां को हिरासत में लिया और



सख्त पूछताछ शुरू की। रियाज बालिका को बोरी में बंद कर मोगरी से पीटा कबूल कर लिया था। सोमवार शाम उसे गिरफ्तार किया गया और मामले का खुलासा किया गया। रियाज दरिंदा होना सामने आया तो लोगों को आक्रोश फूट पड़ा था। पुलिस ने स्थिति संभाली और आरोपी को थाने चौकी पर शिफ्ट किया। मंगलवार सुबह आरोपी को पुलिस घटनास्थल की तस्दीक के लिये जूना शहर काजी गली लाया जा रहा था, लेकिन दरिंदे से पुलिस वाहन से कूदकर भागने का प्रयास किया, जिसके चलते उसका एक पैर टूट गया। पुलिस उसे लंगड़ाती हालत में घटनास्थल तक लेकर आई। एसआई ईश्वर जोशी ने बताया कि आरोपी से घटनास्थल की तस्दीक के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से पूछताछ के लिये 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

#### पुलिस के साथ अस्पताल स्टॉफ हुआ भावुक

घटनाक्रम समाने आने के बाद बालिका की हालत देख पुलिस के साथ अस्पताल स्टाफ भी भावुक हो गया था। बालिका की चेहरा बुरी तरह से जख्मी था। उसकी मौत होने के बाद शव रतलाम से खाचरौद लाया गया था, परिवार को बिखलता देख पुलिस की आंखे भी नम हो गई थी। पडोसी रियाज की दरिंदगी सामने आने पर लोग भी काफी आक्रोशित थे। मंगलवार को दरिंदे को घटनास्थल लाया गया तो भारी पुलिस बल को मौजूद करना पड़ा।

#### फास्ट ट्रेक कोर्ट में होगी सुनवाई

थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद बालिका की हत्या से जुड़े सभी साक्ष्यों को एकत्रित किया जा रहा है। 30 दिनों में विवेचना पूरी कर चार्जशीट न्यायालय में पेश की जायेगी। फास्ट ट्रेक कोर्ट में मामले की सुनवाई होगी। आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने का प्रयास किया जायेगा।

## कृषि उपज मंडी में 1 के बदले दे रहे थे 90 रुपए का प्रलोभन

### सट्टा खाईवाली की सूचना पर दबिश, 2 हिरासत में

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

चिमनगंज कृषि उपज मंडी में कुछ लोगों द्वारा 1 के बदले 90 रुपए देने का प्रलोभन देकर सट्टा खाईवाली की जा रही थी। सूचना मिलने पर रात में पुलिस ने दबिश मारी। 2 युवको को हिरासत में लिया गया, पूछताछ में कमीशन पर करने की बात कहीं। पुलिस ने दोनों युवको के साथ सट्टा खाईवाली करने वाले पर प्रकरण दर्ज किया है।

चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि सूचना मिलने पर सीएसपी पुष्पा प्रजापति और टीम के साथ कृषि उपज मंडी में दबिश दी गई थी, जहां से नितिन पिता भंवरलाल मालवीय 27 साल निवासी पानी की टंकी के पास ढांचा भवन हाल मुकाम मायापुरी और गौतम पिता ईश्वर योगी निवासी ग्राम नजरपुर ढाबाला थाना घट्टिया को पकड़ा गया। उनके पास से सट्टा पर्ची के साथ 4 हजार 910 रुपए नगद बरामद किये गये। दोनों को थाने लाकर पूछताछ की गई तो उन्होने सट्टा खाईवाली का काम भरत पिता गोविंद नाथ निवासी दरगाह मंडी द्वारा किया जाना बताया। दोनों ने कबूल किया कि वह कमीशन पर सट्टा लगवाते थे और 1 रुपए के बदले लोगों को सट्टा खुलने पर 90 रुपए देते थे। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों युवको के साथ सट्टा खाईवाली का संचालन करने वाले के खिलाफ धारा 49 बीएएस और 4 (क) में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

## बदमाश ने किया वृद्धा से आभूषण लूटने की प्रयास

### मारपीट कर छीना पर्स, अस्पताल में चल रहा उपचार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नगर निगम परिसर में मंगलवार दोपहर 80 साल की वृद्धा के साथ बदमाश द्वारा आभूषण लूटने का प्रयास किया। नाकाम होने पर मारपीट कर पर्स छीना और भाग निकला। वृद्धा के घायल होने पर चरक अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

फाजलपुरा में रहने वाली रामीबाई पति स्व. अम्बाराम गोयल 80 साल नगर निगम में वृद्धा पेंशन योजना के तहत जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पहुंची थी। जहां से वापस घर लौटते समय गेट पर एक बदमाश ने रोका और



आरोप लगाया कि सरिया चोरी किया है। कैमरे में दिखाई दी है, रामीबाई ने आरोप को गलत बताया तो बदमाश उन्हे हाथ पकड़कर जबरदस्ती निगम के पीछे पार्किंग क्षेत्र में ले गया, जहां उसने वृद्धा के लगे से मोती की माला, जिसमें सोने का पेंडल और कॉन के टॉप्स छीनने का प्रयास किया। वृद्धा ने विरोध किया तो बदमाश ने पर्स छीन लिया और मारपीट कर भाग निकला। महिला के पोते गौरव गोयल ने बताया कि घटना का पता चलते ही नगर निगम पहुंच गये थे दादी को उपचार के लिये चरक अस्पताल ले जाया गया। घटनास्थल के पास झाड़ियों से दादी का पर्स मिला है। जिसमें कुछ रुपए रखे थे वह बदमाश ले गया है। नगर निगम परिसर में लगे कैमरे बंद होने पर बदमाश का पता नहीं चल पाया है। मामले की शिकायत कोतवाली थाना पुलिस को दर्ज कराई है। थाना प्रभारी दीनबंधूसिंह तोमर ने बताया कि वृद्धा के साथ मारपीट होने का मामला दर्ज किया गया है। आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। जल्द बदमाश का पता लगा लिया जायेगा।

# नकली दवा के चार कारोबारियों को तीन साल की सजा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नकली दवा बनाने और कारोबार करने वाले 4 आरोपियों को 9 साल बाद न्यायालय ने सजा सुनाते हुए 6 लाख के अर्थदंड से दंडित किया गया। 21 सितंबर 2016 में खाद्य एवं औषधि प्रसाधन द्वारा मामले की जांच कर प्रकरण दर्ज कराया गया था।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि खाद्य औषधि प्रसाधन द्वारा 2016 में सिमको आर्गेनिक्स के खिलाफ शिकायत मिलने पर जांच की थी। जांच अधिकारी औषधि निरीक्षक लोकेश गुप्ता, अल्केश यादव, अजय ठाकुर ने नागझिरी स्थित पहुंचकर संतोष कुमार धींग से



एलोपैथिक औषधि निर्माण के लायसेंस मांगे थे। नहीं दिखाने पर तलाशी ली गई थी। जिस पर एलोपैथिक औषधि जिसके निर्माता सॉफ्ट मेडिकेप्स लिमिटेड इंड्रस्टियल ऐरिया जिला देवास तथा एलोपैथिक औषधि पैकिंग में उपयोग की जा रही प्रिंटेट एल्युमिनियम लेबल फाईल मात्रा 2.6 किलोग्राम के साथ औषधि पैकिंग मशीन को जप्त किया था। उक्त एलोपैथिक औषधियों का निर्माण आरोपी राजेन्द्र शर्मा मेसर्स सॉफ्ट मेडिकेप्स लिमिटेड के द्वारा करवाया जा रहा था। आरोपी प्रवीण शाह, मेसर्स अल्पा ऐलानिटीकल लेबोरेटरी के द्वारा उक्त औषधियों जांच रिपोर्ट अधिनियम के विपरीत फार्म 39 में जारी की गई थी। आरोपी शांतीलाल मेसर्स शांतीलाल एण्ड को, शॉप बैंगलोर के द्वारा ऐलोपेथिक औषधियों के विक्रय की अनुज्ञपत्ति के प्रतिकूल फर्म सिमको आर्गेनिक्स को उक्त ऐलोपेथिक औषधियां लगभग 24 लाख रुपए की बेची की गई थी। प्रकरण में पश्चातवर्ती जांच धरम सिंह कुशवाह औषधि निरीक्षक के द्वारा की गई। खाद्य एवं औषधि निरीक्षक के द्वारा आरोपीगण के विरूद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम १९४० की विभिन्न धाराओं में परिवाद प्रस्तुत किया था। लम्बी सुनवाई के बाद 16 दिसबंर को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पी.सी. गुप्ता द्वारा फैसला सुनाते हुए संतोष कुमार धींग निवासी शिवाजी पार्क कालोनी देवासरोड, राजेन्द्र पिता छंगाराम शर्मा निवासी विजयनगर इंदौर, प्रवीण शाह निवासी एबीरोड पिडबेंगर इंदौर और शांतिलाल निवासी बैंगलोर को धारा 18 (सी), 27 (बी) 2, 18 (सी), 27 (बी) 2, औषधि प्रसाधन अधिनियम में 3 साल की सजा के साथ 6 लाख रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में प्रभारी उप निदेशक (अभियोजन) राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के मार्ग दर्शन में विशेष लोक अभियोजक उमेश सिंह तोमर द्वारा पैरवी की गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com